खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 37° C
न्यूनतम : 22° C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 19 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 121 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 1 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


उप्र में पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित पेज 2


सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय खेल टाइम्स


चीन से खाली हाथ लौटे ट्रम्प, नहीं बोल पा रहे हैं खुलकर सम्पादकीय


होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जयराम ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। श्री रमेश ने सोमवार को सभापति को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने 15 मई को संवाददाता सम्मेलन में संसद और संसदीय समितियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया है। श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट से जुड़े सवालों पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया था।

### इंजीनियर राशिद को पिता के अंतिम संस्कार के लिए मिली अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद बारामूला के सांसद अब्दुल राशिद शेख (इंजीनियर राशिद) को सोमवार को उनके पिता खजीर मोहम्मद शेख के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। श्री खजीर मोहम्मद शेख (85) का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के नेता फिरदौस बाबा ने बताया कि जेल में बंद सांसद को उनके पिता के निधन के बाद पिछली शर्तों के आधार पर दो जून तक के लिए जमानत दी गई है। अदालत ने यह राहत तब दी, जब आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद राशिद ने अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल होने की अनुमति मांगते हुए एक अर्जी दाखिल की।

### वडोदरा से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में लाइट गुल

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में रविवार रात इंडिगो की फ्लाइट (6ई 657) में बिजली गुल हो गई। विमान का ग्राउंड पावर यूनिट (जीपीयू) अचानक बंद हो जाने से ये हालात बने। इसके चलते पैसेंजर्स को अंधेरे और भारी उमस में परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। एक पैसेंजर ने अपने मोबाइल में ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था, जो अब वायरल हो रहा है। रविवार रात को इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई657 वडोदरा से दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थी। इसी बीच 8:50 बजे अचानक फ्लाइट की बिजली गुल हो गई। करीब 25 मिनट बाद बिजली की सप्लाई दोबारा शुरू हो सकी।

### नीट केस में महाराष्ट्र के केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर अरेस्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है।

# नौ राज्यों में पारा 45° के पार, यूपी का बांदा सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत मैदानी इलाकों के 9 राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र का विदर्भ- मराठवाड़ा और तेलंगाना में भी सोमवार को येलो अलर्ट रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में कई जिलों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। गर्मी का यह दौर पिछले एक हफ्ते से जारी है। रविवार को यूपी का बांदा 46.4 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान के बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45 डिग्री और मप्र के खंडवा में 44.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

- **बांदा का तापमान 46.4 डिग्री दर्ज**
- **बिहार में गर्मी से 27 छात्राएं बेहोश**

इधर, बिहार में कई जिलों में उमस भरी गर्मी है तो कुछ जगह बारिश हो रही है। शेखपुरा के कस्तूरबा स्कूल में गर्मी के कारण 27 छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं। सभी को शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देश के बाकी हिस्सों की बात करें तो केरलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश हो सकती है। 19 मई को उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है।



### रुपया 44 पैसे टूटा, 96.25 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल में जारी तेजी के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया सोमवार को 44 पैसे टूट गया और पहली बार एक डॉलर 96.25 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 17 पैसे की गिरावट में 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। बीच कारोबार में इसका निचला स्तर 96.14 रुपये प्रति डॉलर रहा था। रुपये पर सोमवार को शुरू से ही दबाव रहा। यह 38 पैसे नीचे 96.18 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। फिलहाल यह 96.25 रुपये प्रति डॉलर तक टूट चुका है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी रही।

# उमर खालिद को मिल सकती थी जमानत: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने जमानत मामले में अपने ही फैसले पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को जमानत देने से इन्कार करने वाले अपने पिछले फैसले पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने सोमवार को यह बयान सैयद इफ्तिखार अंद्राबी से जुड़े नार्को- टेररिज्म मामले पर सुनवाई के दौरान दिया।

कोर्ट ने माना कि किसी आरोपी को बेल देना एक नियम है, उसे जेल भेजना अपवाद होना चाहिए। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने केए नजीब मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में माना था कि मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर अदालतें गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामलों में जमानत दे सकती हैं। कोर्ट ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका खारिज करते समय कोर्ट ने इस फैसले पर ध्यान नहीं दिया था। 2019 से 2023 के बीच पूरे भारत में यूएपीए मामलों में सिर्फ 1.5प्रतिशत-4फीसदी लोगों को सजा हुई। यानी लगभग 94 प्रतिशत मामलों में बरी होने की संभावना होती है। दिल्ली दंगे का आरोपी उमर खालिद जेएनयू का पूर्व छात्र है। वह सितम्बर 2020 से जेल में है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब कोई बड़ी बेंच फैसला सुना देती है, तो छोटी बेंच को उसे मानना ही पड़ेगा। आजकल ऐसा देखा जा रहा है कि छोटी बेंच सीधे-सीधे मना तो नहीं करतीं, लेकिन घुमा-फिराकर बड़े फैसले के असर को कमजोर कर देती हैं। इस साल 4 जनवरी को जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने फैसले को रीव्यू करने से भी मना कर दिया था। कहा था कि दोनों आरोपी एक साल तक दिल्ली दंगे मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते। उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 750 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं।



- **आरोपी को बेल देना नियम है और जेल अपवाद**

# नॉर्वे ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान

## पीएम मोदी का ये 32वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

ओस्लो, वार्ता

**नॉर्वे के राजा** हेराल्ड पंचम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नार्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है।

इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले रविवार को स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने सोमवार को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। इस समझौते के तहत अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियां पैदा करने का टारगेट रखा गया है। 19 मई को ओस्लो में तीसरा भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। मोदी ने कहा कि यह उनके नार्डिक समकक्षों से मुलाकात का शानदार अवसर होगा।




- **यूरोप भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करेगा**

# बंगाल में इमाम-मुअज्जिन और पुजारियों का भत्ता बंद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए। राज्य सरकार ने इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को दिए जाने वाले भत्ते को एक जून से बंद करने का फैसला किया है।

इसके अलावा टीएमसी सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न की जांच के लिए 2 आयोग बनेंगे। दोनों आयोगों की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। साथ ही महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने 3000 रुपये देने, मुफ्त बस यात्रा शुरू करने, सातवां वेतन आयोग गठित करने और ओबीसी सूची में बदलाव जैसे अहम निर्णय भी लिए गए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार ने इसी साल मार्च में धार्मिक नेताओं के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की थी।

- **महिलाओं को एक जून से 3000 रुपये मिलेंगे**

# गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी अदालत ने हटाए सभी आरोप

**नई दिल्ली/ न्यूयार्क।** अमेरिकी न्याय विभाग ने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी के खिलाफ सभी आपराधिक आरोपों को स्थायी रूप से हटा दिया है।

इसके साथ ही न्यूयार्क में चल रहा बहुचर्चित रिश्वत और धोखाधड़ी के आरोपों का मामला पूरी तरह से बंद हो गया है। इस फैसले के बाद अडानी समूह से जुड़ी कई अमेरिकी नियामक और कानूनी जांचें बंद हो गई हैं। पिछले सप्ताह अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ‹एसईसी› ने भारत में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के संबंध में निवेशकों को किए गए खुलासों से जुड़े गौतम अडानी और सागर अडानी के खिलाफ आरोपों का निपटारा किया। गौतम अडानी ने 60 लाख अमेरिकी डालर और सागर अडानी ने 120 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई, बिना किसी भी तरह की गलती स्वीकार किए या इन्कार किए। विभाग ने कहा कि न्याय विभाग ने इस मामले की समीक्षा की है और व्यक्तिगत प्रतिवादियों के खिलाफ इन आपराधिक आरोपों पर और अधिक संसाधन खर्च नहीं करने का फैसला किया है। न्याय विभाग ने अदालत में एक याचिका दायर कर अडानी के खिलाफ आरोप-पत्र को स्थायी रूप से खारिज करने का अनुरोध किया था।

# वीडी सतीशन केरलम के मुख्यमंत्री बने

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी।

कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। शपथ लेने के बाद जब सतीशन राहुल के पास गए, तो उन्होंने गले लगाकर बधाई दी और कान में कुछ कहा। राहुल गांधी से मिलने के बाद सतीशन खड़गे, सीएम सिद्धारमैया, सीएम रेवंत रेड्डी, वेणुगोपाल, पिनराई विजयन, सीएम सुक्खू और डीके शिवकुमार से मुलाकात की। केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन. शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम. जान, बिंदु कृष्णा, टी. सिद्दीकी, केए तुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं।



- **64 साल बाद राज्य में किसी सीएम ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली**
- **राहुल-प्रियंका गांधी मौजूद रहे**

# भारत रूस से निरंतर खरीद रहा है तेल: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि वह रूस से निरंतर तेल खरीदता रहा है और यह खरीद प्रतिबंधों से पहले, प्रतिबंधों में छूट के दौरान भी और अभी भी जारी है।

भारत ने कहा है कि देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी खरीद के समय व्यावसायिक यानी बाजार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर निर्णय लेती हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और विभिन्न स्रोतों से खरीद के माध्यम से तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सुश्री शर्मा ने भारत की रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट के समाप्त होने के बाद वहां से तेल खरीद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारत रूस से पहले से ही तेल खरीद रहा है यानी छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी। संयुक्त सचिव ने कहा कि भारत में तेल कहां से खरीदा जाना है इसका निर्णय बाजार की स्थिति को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बराबर सुनिश्चित की जा रही है और यह छूट हो या न हो इससे प्रभावित नहीं होती। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अमेरिका ने इन प्रतिबंधों में छूट दी थी जो 16 मई को समाप्त हो गई।




- **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: अमेरिकी प्रतिबंधों से पहले भी और बाद में भी खरीद जारी**

## संक्षिप्त समाचार

### आज दो दिनी दौरे पर यूपी में आएंगे राहुल

**रायबरेली।** केरलम में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। राहुल आज सोमवार को केरल में 10 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए, इस बीच कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल कल मंगलवार को 2 दिन के दौरे पर यहां पहुंचेंगे। रायबरेली के कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी बछरावां के ठकुराइन खेड़ा में एक मैरिज हॉल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह खीरों में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, फिर वह लालगंज जाएंगे, जहां वह 'महिला संवाद' कार्यक्रम में शामिल होंगे। गंगा एक्सप्रेसवे पर दौड़ीं यूपी रोडवेज की बसें

### मात्र 839 में प्रयागराज से मेरठ की यात्रा होगी

**लखनऊ।** यूपी के यात्रियों के लिए सफर को और आसान बनाते हुए यूपी रोडवेज ने अब शानदार गंगा एक्सप्रेसवे को भी अपने रूट में शामिल कर लिया है और इस मार्ग पर सरकारी बसों का संचालन सोमवार से शुरू हो गया है। फिलहाल इस सेवा की शुरुआत प्रयागराज से मेरठ के बीच की गई है, जिसका किराया बेहद किफायती रखा गया है। इस नई बस सेवा से मेरठ, हापुड़, नोएडा व गाजियाबाद से प्रयागराज आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। बसों को सुचारू रूप से चलाने का जिम्मा प्रयागराज रीजन के लीडर रोड डिपो को सौंपा गया है। आज सुबह 10 बजे पहली बस को मेरठ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का अनोखा प्रदर्शन

## कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री आवास पहुंचे, कई बेहोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने सोमवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मंत्री के आवास से करीब 100 मीटर पहले इकट्ठा हुए। जमीन पर कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास तक पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग सरकार की नजर में कीड़े-मकौड़े हो चुके हैं। हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इसलिए आज हम लोग कीड़ों की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास पर पहुंचे। भीषण गर्मी की वजह से कई अभ्यर्थी बेहोश हो गए। पुलिस ने उन्हें पानी पिलाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बनारस से आए कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से बस यही कहना चाहते हैं कि हम अब अपना धैर्य खो चुके हैं। हमारे अंदर बिल्कुल भी सहन शक्ति नहीं बची है। हम लोग घर से हार चुके हैं और अब सरकार से भी उम्मीद नहीं रही है। यह अंतिम फरियाद है। सुनवाई नहीं हुई तो हम सभी अभ्यर्थी सामूहिक तौर पर आत्मदाह करेंगे। एक छोटी सी खेती है, उसी से घर का खर्च चलता है। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- फसल बेचकर हम लोग लखनऊ प्रदर्शन करने आते हैं। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। सिस्टम की वजह से बेरोजगार घूम रहे हैं। हाईकोर्ट में जीतने के बाद भी हमें नौकरी नहीं मिली है। हमारी बात कोई सुनने को तैयार नहीं है। हर कोई हमारे बारे में उल्टा बोलता है। ओम प्रकाश राजभर हमारे मंत्री हैं, जिन्होंने कभी न्याय की बात नहीं की। राजभर कहते हैं कि यह 69000 शिक्षक भर्ती वाले जूता खाने के लायक हैं, यह कितना शर्मनाक बयान है। अगर नौकरी नहीं मिली तो हम लोग चंदा इकट्ठा करके ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ प्रचार करेंगे और उन्हें चुनाव हरवाएंगे। नवलेश ने बताया कि जौनपुर से आए हैं। हम मुख्यमंत्री और पिछड़ों के मंत्री अनुप्रिया पटेल से कहना चाहते हैं कि हमें न्याय दिलाइए।

# उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में प्रचंड गर्मी और लू के आसार व्यक्त किए हैं। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बांदा में लू की स्थिति दर्ज की गई।

मौसम विभाग द्वारा सोमवार को जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में बांदा, प्रयागराज, झांसी, गाजीपुर और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं बारा. बंकी, गोरखपुर, वाराणसी (बीएचयू), बहराइच, बांदा, फुर्सतगंज, मुजफ्फरनगर, मेरठ, उरई और आगरा ताज में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बुलेटिन के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में लू की स्थिति दर्ज की गई। यहां रविवार को अधि. कतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो देश भर में सबसे अधिक था,

■ **मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में पारा 40 से 50 डिग्री के बीच रहने का अनुमान जताया**

वहीं प्रयागराज में दिन का तापमान 44.5, झांसी में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और आगरा में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, ललितपुर, वाराणसी, मऊ और महाराजगंज समेत कई जिलों में हीट इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## योगी कैबिनेट में 12 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **लखनऊ मेट्रो विस्तार स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिली**

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी देकर बड़ा सामाजिक दांव चला है। इसके साथ ही लखनऊ मेट्रो विस्तार, स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिल गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गई। यह आयोग पंचायत स्तर पर पिछड़ों की हिस्सेदारी का अध्ययन कर ओबीसी आरक्षण का नया आधार तैयार करेगा। पांच सदस्ईय आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे। अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल छह महीने का होगा। इस अवधि में आयोग सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पंचायत चुनाव से पहले इसे सरकार का बड़ा सामाजिक फैसला माना जा रहा है। मंत्रिमंडलट ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को मंजूरी दी। चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो कॉरिडोर के एमओयू को भी पास कर दिया गया है। इससे राजधानी के दक्षिणी हिस्से को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और यातायात व्यवस्था मजबूत होगी। योगी सरकार ने वेटरनरी छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता चार हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये महीना कर दिया। अब पशु चिकित्सा के छात्रों को 12 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। लोहिया इंस्टीट्यूट में 1010 बेड का सुपर स्पेशिएलिटी इमरजेंसी सेंटर बनेगा जबकि इसके साथ ही प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। यूपी जन्म-मृत्यु पंजीकरण नियमावली 2026 लागू होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में आगरा मेट्रो कॉरिडोर-2 के लिए भूमि हस्तांतरण और स्टेशन-वायाडक्ट निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

### नमाज पढ़नी है, तो शिफ्ट में पढ़िए: योगी

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बकरीद के त्योहार से पहले राज्य में सड़कों पर नमाज पढ़ने के मामले को लेकर कहा है कि नमाज पढ़नी है, तो आप शिफ्ट में पढ़िए। प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे, तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। राजधानी लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ने यह बयान दिया है। सीएम ने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं साहब आपके यहां यूपी में क्या सड़कों पर सचमुच नमाज नहीं होती? मैं कहता हूं कतई नहीं होती है। आप जाकर देख लो नहीं होती है। सड़कें चलने के लिए हैं या कोई भी व्यक्ति आकर के चौराहे पर आकर तमाशा बना देगा, क्या अधिकार है उसको सड़क रोकने का? आवागमन बाधित करने का कौन सा अधिकार है? जहां उसका स्थल होगा वहां जाकर करे। सीएम योगी ने आगे कहा कि उन लोगों ने मुझसे कहा साहब कैसे होगा? हमारी संख्या ज्यादा है। हमने कहा शिफ्ट में कर लो, तुम्हारे घर में रहने की जगह नहीं है, तो भाई संख्या नियंत्रित कर लो, और नहीं है सामर्थ्य, क्यों बेकार आगे संख्या बढ़ाई जा रही है और यह चाहिए आपको कि अगर आपको सिस्टम के साथ रहना है, तो याद करना हम उन नियम और कानून को मानना शुरू करें।

# प. बंगाल में हिंसा पर भड़कीं बसपा सुप्रीमो मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद जारी हिंसा को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को धर्मनिरपेक्षता और संविधान की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा- सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे। भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव उपरांत हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए। ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75315.04 | |
| निफ्टी | 23649.95 | |
| सोना | 157000 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 266000 | प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में बिकवाली हावी

## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में बाद में हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 77.05 अंक (0.10 प्रतिशत) बढ़कर 75,315.04 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी लगभग पूरे दिन लाल निशान में रहने के बाद 6.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत ऊपर 23,649.95 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपये में जारी नरमी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी से बाजार में निवेश धारणा कमजोर है। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 58 पैसे टूटकर 96.39 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं कच्चा तेल एक प्रतिशत चढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 430 अंक की गिरावट में खुला और सुबह के समय ही 1,057 अंक टूटकर 74,180.26 अंक तक उतर गया था। हालांकि आखिर आधे घंटे में हुई लिवाली से सूचकांक में तेजी लौट आई। वृहत बाजार में बिकवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.26 प्रतिशत गिर गया। इस बीच, आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी रही और इसका सूचकांक 2.43 प्रतिशत चढ़ा। फार्मा, स्वास्थ्य और निजी बैंकों के समूहों में भी बढ़त रही। सार्वजनिक बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत और इंफोसिस का दो प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में बंद हुआ। भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक चढ़े।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लेवल पर सोने की कीमत में आ रही गिरावट का असर भारतीय सर्राफा बाजार में भी देखने को मिल रहा है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 18 मई को घरेलू बाजार में सोना-चांदी के दाम गिरे हैं। हालांकि 24 कैरेट गोल्ड का रेट अभी भी 1 लाख 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है। वहीं चांदी की कीमत भी अब गिरावट के साथ 2 लाख 66 हजार रुपये प्रति किलो तक आ गई है। सोना 2026 में अब तक 24 हजार रुपए और चांदी 37 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.58 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.67 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# चावल, गेहूं में तेजी, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गई। चीनी में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 35 रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,777 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 55 रुपये और मसूर दाल की 52 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं मूंग दाल 39 रुपये और उड़द दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 96 रिंगिट चढ़कर 4,533 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 75.15 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये और सूरजमुखी तेल 10 रुपये महंगा हुआ। वहीं सोया तेल 47 रुपये और सरसों तेल 21 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति 20 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी नौ रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7669.53 रुपये, मसूर काली 8132.17 रुपये, मूंग दाल 10147.02 रुपये, उड़द दाल 10830.41 रुपये, तुअर दाल 11254.88 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सहारनपुर में गर्मी से बढ़ी मिट्टी के बर्तनों की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर और आस-पास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पारंपरिक मिट्टी के घड़ों और सुराहियों की मांग में भारी उछाल आया है।

आधुनिक रेफ्रिजरेटरों के युग में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों में 'गरीबों के फ्रिज' कहे जाने वाले इन मिट्टी के बर्तनों का आकर्षण सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बार बाजार में पारंपरिक गोल घड़ों के अलावा विशेष रूप से तैयार की गई सुराहीदार बोतलें और टोंटी वाले घड़े (टैप मटका) ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं। जिले के कुम्हारों (मृत्तिका शिल्पियों) ने बदलते समय के साथ अपने उत्पादों में आधुनिक बदलाव किए हैं, जिससे इनकी मांग शहरी इलाकों में भी तेजी से बढ़ी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है मिट्टी के इस बढ़ते कारोबार से स्थानीय चाक शिल्पियों के चेहरे खिले हुए हैं। हालांकि कुम्हारों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें मिट्टी खनन के लिए सुलभ स्थान और आधुनिक टूल-किट उपलब्ध कराए जाएं, ताकि इस पारंपरिक कुटीर उद्योग को और बढ़ावा मिल सके और सहारनपुर की यह अनूठी कला जीवित रह सके। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मिट्टी के बर्तनों के दाम में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण उपयुक्त मिट्टी की कमी, परिवहन लागत में बढ़ोतरी और ईंधन (भट्ठी सुलगाने की सामग्री) के दामों में हुआ इजाफा है। इसके बावजूद, सहारनपुर के कोर्ट रोड, अंबाला रोड और चिलकाना क्षेत्र के बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है।

# चुनाव बाद महंगाई बढ़ाकर गरीबों को चोट पहुंचाते हैं पीएम मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव तक महंगाई और कीमतों से जुड़ी वास्तविक स्थिति छिपाते हैं और चुनाव खत्म होते ही गरीबों को नुकसान पहुंचाने वाले फैसले लेते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है और इसका सबसे अधिक खामियाजा देश के गरीब तथा आम लोगों को झेलना पड़ रहा है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाते तो भाजपा को इसका बड़ा राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता। इसी कारण सरकार ने चुनाव तक सभी बातों को देश से छिपाकर रखा लेकिन चुनाव समाप्त होते ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार और मोदी में दूरदर्शिता की कमी है और उनकी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे गरीबों को वे जरूरी चीजें भी नहीं मिल पा रही हैं, जिनके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी।

### खड़गे ने परमाणु परीक्षण की 52वीं वर्षगांठ पर इंदिरा गांधी को याद कर किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत के पहले परमाणु परीक्षण 'स्माइलिग बुद्धा' की 52वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साहसिक, सशक्त और दूरदर्शी निर्णय को याद करते हुए कहा है कि इंदिरा गांधी के इसी ऐतिहासिक फैसले ने देश को आत्मनिर्भरता, रणनीतिक क्षमता और राजनीतिक मजबूती की दिशा में आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया था। खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 52 वर्ष पहले भारत ने 'स्माइलिग बुद्धा' कोड नाम से अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था।

### पेपर लीक से युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़: सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नीट 2026 पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश का परीक्षा तंत्र पूरी तरह से शिक्षा माफिया के सामने समर्पण कर चुका है और मेधावी छात्रों के भविष्य की 'सरेआम नीलामी' हो रही है। सुरजेवाला ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले एक दशक में कई बड़े परीक्षा घोटाले सामने आए हैं, जिनमें 2013 का व्यापम घोटाला, 2018 एसएससी घोटाला, 2021 यूपी -टेट घोटाला, रीट घोटाला, 2022 बीपीएससी घोटाला और 2024 यूजीसी -नीट घोटाला शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने साबित कर दिया है कि पेपर लीक अब केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि व्यवस्था का 'नया सामान्य स्वरूप' बन चुका है।

# बांदा को साजिश की तहत खत्म कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांदा में कथित अवैध खनन को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। 'बांदावासियों' के नाम जारी एक भावुक अपील में उन्होंने कहा कि निर्मम उत्खनन के कारण बांदा को साजिशन खत्म किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर शोषण-दोहन यूं ही जारी रहा, तो एक दिन दुनिया कहेगी: एक था बांदा।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज की धन लोभी भाजपा सरकार और उनके पालित-पोषित लालची ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे उत्खनन से बांदा मिटाया जा रहा है और दूसरी जगहों को बसाया जा रहा है। इस 'प्राकृतिक उत्पीड़न' के कारण स्थानीय पैदावार चक्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सपा प्रमुख ने कहा कि काम-कारोबार की कमी से लोग पलायन कर रहे हैं। इससे बांदा 'प्राकृतिक पलायन' का शिकार हो रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बांदा की हर संपत्ति का मूल्य घट रहा है और मान भी। सपा प्रमुख ने बांदा के प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहा. सिक गौरव और पर्यटन को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक, पत्रकार, पर्यावरण संरक्षक, छात्र-युवा संगठन, महिला शक्ति, सांस्कृतिक- साहित्यिक आंदोलनकारी व सामाजिक सरो. कारों से जुड़ी हस्तियां, क्लब और सोसाइटियां राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हों। अखिलेश ने चेताया कि अगर अभी सक्रिय नहीं हुए तो पर्यावरण के नक्शे पर बांदा कहीं नहीं दिखेगा।

# पश्चिम बंगाल के सीएम के निजी सहायक का कातिल छपार में दबोचा

## पीए चन्द्रनाथ रथ कांड के बाद फरार था शार्प शूटर राजकुमार

■ हरिद्वार गंगा स्नान के बाद लौट रहा था बलिया निवासी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के निजी पीए का कातिल को केन्द्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) ने मुजफ्फरनगर के छपार टोल प्लाजा से दबोच लिया। एक गोपनीय सूचना के बाद सीबीआई के डीएसपी राजेश कुमार ने कई घंटे पहले टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर ली थी। इस अभियान को उन्होंने पूरी तरह गोपनीय रखा और सवेरे-सवेरे दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे के छपार टोल प्लाजा से पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के फरार हत्यारोपित राजकुमार सिंह पुत्र त्रिभुवन नारायण सिंह निवासी रातोपुर पोस्ट चिल्काहार, रासरा जनपद बलिया उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। सीबीआई अधिकारियों को सूचना मिली थी कि सीएम के पीएम का हत्यारोपी हरिद्वार से गंगा स्नान के बाद परिवार के साथ इधर से गुजरेगा।

बता दें कि 6 मई की रात करीब 10 बजे पश्चिम बंगाल के सीएम सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक पीए चंद्रनाथ रथ की महिंद्रा स्कार्पियो से यात्रा करने के दौरान थाना मध्यग्राम के अंतर्गत दोहरिया शैलेश नगर, डोलतला कोलकत्ता में हत्या कर दी गई थी। यह हत्याकांड पंश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम आने के बाद हुआ था। पश्चिम बंगाल के सीएम के निजी पीए की हत्या का यह मामला भारत में ही नहीं दूसरे देशों में छा गया था। घटना के बाद पश्चिम बंगाल से लेकर दिल्ली के अधिकारी एवं कई एजेंसी इस खुलासे में लग गई थी। इस खुलासे की बागडोर सीबीआई के डीएसपी राजेश कुमार को सौंपी गई थी।

उधर एटीएस को इस मामले में लगाया जिसके बाद सीबीआई व एटीएम एटीएस ने अपना जाल बिछाया।

बता दे कि सीबीआइ पूर्व में संयुक्त आपरेशन चलाकर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद पुलिस के निशाने पर शार्प शूटर कहा जाने वाला राजकुमार आया और कई एजेंसिया राजकुमार की लोकेशन लेकर उसके पीछे लग गई थी। राजकुमार की लोकेशन हरिद्वार और मुजफ्फरनगर में मिल रही थी। इसके चलते सीबीआइ ने छपार पुलिस को साथ लेकर छपार टोल प्लाजा पर रविवार तड़के डेरा डाल दिया। टोल से गुजरने वाले वाहनों की छानबीन की गई। इस दौरान एक कार में सवार हत्यारोपित शूटर राजकुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपित परिवार के साथ हरिद्वार से लौट रहा था। मामले में आगे और खुलासों की संभावना है।

# शराब का विरोध बना विवाद की वजह, दो बहनों से मारपीट

## चार बच्चों को जबरन ले जाने, टेंपो पर हमला और जान से मारने की कोशिश का आरोप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मायके जा रही दो सगी बहनों को उनके पतियों ने बीच रास्ते रोक लिया और जमकर हंगामा किया।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब पीने का विरोध करने से नाराज पतियों ने अपने साथी के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की, टेंपो पर पथराव किया और वाहन पलटने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, दोनों महिलाओं के चार बच्चों को भी जबरन उनसे अलग कर दिया गया। घटना मढ़ करीमपुर मार्ग की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार हरियाणा निवासी मुस्कान और उसकी बहन सपना की शादी करीब पांच साल पहले खतौली क्षेत्र के गांव टबीटा निवासी नीरज और रिंकू से हुई थी। परिजनों का कहना है कि विवाह के बाद से ही दोनों बहनों का अपने पतियों से घरेलू विवाद चलता आ रहा था। मुस्कान अपने पति को शराब पीने से रोकती थी, जिसे लेकर अक्सर घर में कहा. सुनी और मारपीट होती थी। सपना के साथ भी इसी तरह के विवाद सामने आते रहे हैं।

बताया गया कि सोमवार को दोनों बहनें अपने माता-पिता के साथ टेंपो से हरियाणा स्थित मायके जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में मढ़ करीमपुर मार्ग पर उनके पति एक अन्य युवक के साथ पहुंचे और टेंपो को रुकवा लिया। देखते ही देखते सड़क पर हंगामा शुरू हो गया और मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि आरोपितों ने पहले अभद्रता की और फिर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर टेंपो पर पत्थर फेंके गए और वाहन को पलटने की कोशिश की गई। इस दौरान टेंपो में बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। महिलाओं का आरोप है कि उनके चारों बच्चों को भी जबरन उनसे छीन लिया गया।डरी-सहमी दोनों बहनें किसी तरह मौके से भागीं और पास स्थित एक फैक्ट्री में जाकर छिप गईं। फैक्ट्री कर्मचारियों ने उन्हें सुरक्षित अंदर पहुंचाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पतियों समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पीड़ित महिलाओं ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद काफी देर तक मढ़ करीमपुर मार्ग पर तनाव का माहौल बना रहा और राहगीरों में दहशत देखी गई।

# जिला अस्पताल में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या

## एक-एक बैड पर दो-दो मरीज करा रहे इलाज, हैप्पीटाईट सी के मरीजों की भी भरमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल में इन दिनों मरीजों की सख्या लगातार बढ़ रही है। जैसे-जैसे गर्मी और लू अपना पैर पसार रही है, वैसे-वैसे मरीजों की सख्या बढ़ रही है। पर्ची काउंटर से लेकर डाक्टरों की ओपीडी के बाहर अंदर यहां तक कि दवाई की लाईन भी लंबी-लंबी लग रही है।

कई बार तो अस्पताल में देखने को मिला है कि बीमार पर्ची बनाने के बाद डाक्टर तक पहुचने के लिए ही अपना संतुलन खो देता है इसके बाद उसको दवाई की लंबी लाईन में भी लगना पडता है। वैसे तो अस्पताल की दवाई की खिडकियां 3 से 4 तक है और एक ही खिड़की पर 3-3 लोग न दवाई वितरित कर रहे हैं। लेकिन गंभीर बात यह है कि बुखार उल्टी दस्त के बीमारों की संख्या आये दिन बढ़ रही है। अस्पताल में जाकर देखा जाये तो इन दिनों हैप्पीटाईटिस के भी मरीज आ रहे हैं। अब तक की छानबीन से पता चला है कि करीब 6 दर्जन से अधिक हैप्पीटाईटिस सी के मरीजों की पुष्टि की गई है। यदि पिछले रिकार्ड और नये रिकार्ड को शामिल किया जाये तो हैप्पीटाईटिस के मरीजों की सख्या सवा दो सो से भी अधिक मिलेगी। अस्पताल के हैप्पीटाईटिस सी के नये मरीजों का रजिस्ट्रेशन कम्प्यूटर पर लगातार बढ़ रहा है।

अगर सरकारी अस्पताल से अलग प्राईवेट अस्पतालों में इनकी सख्या को देखा जाये तो हैप्पीटाईटिस सी के मरीजों का आंकड़ा बहुत ज्यादा मिलेगा। इतना ही नही जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भी हैप्पीटाईटिस सी के मरीजों की सख्या बढ रही है। जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशन डा.तिरखा का कहना है कि मई माह में 6 दर्जन से अधिक हैप्पीटाईटिस सी के मरीज पाये गये हैं जिनमें तीन दर्जन से अधिक महिलायें और बाकी पुरूष शामिल है। डा.तिरखा का कहना है कि खून की कमी भी महिलाओं में पाई जा रही है।

# लाठीचार्ज प्रकरण के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लखनऊ कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज को लेकर खतौली तहसील बार एसोसिएशन के वकीलों ने मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई तथा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।अधिवक्ताओं का कहना था कि लखनऊ में चौंबर हटाने की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने निहत्थे वकीलों के साथ अमानवीय व्यवहार किया और उन पर बल प्रयोग किया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था की रीढ़ है और उनके सम्मान व सुरक्षा से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में मांग उठाई गई कि लाठीचार्ज के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा, बेहतर उपचार सुविधा तथा सुरक्षा प्रदान की जाए। अधिवक्ताओं ने प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को शीघ्र लागू करने की मांग भी दोहराई। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अधिवक्ताओं की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान तहसील परिसर में काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे ।

# निरीक्षण पर आये डीएआरएम को उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली रेल मंडल के डीआरएम पीआर त्रिपाठी ने दोपहर में रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। विकास कार्यो के बारे में जानकारी ली। एक घंटे तक निरीक्षण के बाद डीआरएम विशेष ट्रेन से सहारनपुर के लिए रवाना हो गए। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने उन्हें ज्ञापन दिया।

रेलवे स्टेशन पर करोड़ों की लागत से विकास कार्य चल रहे है। यहां पर दिव्यांग लोगों के लिए लिफ्ट के साथ ही यात्रियों की अन्य सुविधा के लिए कार्य कराए जा रहे है।

सोमवार दोपहर में डीआरएम इंजीनियर टीम व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विशेष ट्रेन से मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण किया। विकास कार्या की समीक्षा की। उन्होंने रेलवे स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार से स्टेशन के विकास कार्या व अन्य जानकारी ली।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने रेलवे स्टेशन से नई मंडी से शहर में उतरने वाला पुल बनवाने की मांग करते हुए डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। डीआरएम ने बताया कि विकास कार्या को जल्द पूरा करने के आदेश दिए गए है। उन्हें जो कमी दिखाई दी उसे पूरा करने के निर्देश दिए है।



**मुजफ्फरनगर: डीआरएम को रेलवे स्टेशन पर ज्ञापन सौंपते व्यापारी।**

# प्रदूषण को लेकर तीन प्रमुख मिलों का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित गांव मखियाली में कैंसर और टीबी के बढ़ते मरीजों तथा ग्रामीणों द्वारा घरों के बाहर लगाए गए पलायन के पोस्टरों के बाद प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सक्रिय हो गया है।

क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर बोर्ड की टीम ने शनिवार और रविवार देर रात तीन प्रमुख पेपर मिलों पर औचक छापेमारी कर जांच की। प्रशासन के निर्देश पर विभाग ने भोपा रोड स्थित सिल्वर टन पेपर मिल, गर्ग डुप्लेक्स और बिंदल पेपर मिल की निगरानी बढ़ा दी गई है।

क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गीतेश चंद्रा ने अवर अभियंता कुंवर संतोष के नेतृत्व में निगरानी टीम बनाई है। शनिवार और रविवार देर रात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक विशेष टीम ने मखियाली और आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। टीम में शामिल जेई संध्या शर्मा, राजा गुप्ता ने अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए क्षेत्र की वायु गुणवत्ता की बारीकी से जांच की और मिलों से निकलने वाले धुएं व गैस के सैंपल लिए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अवर अभियंता कुंवर संतोष ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने और ग्रामीणों की सेहत की सुरक्षा के लिए निगरानी को कई गुना बढ़ा दिया गया है। फिलहाल भोपा रोड की इन तीन बड़ी पेपर मिलों की गतिविधियों और उनके वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम पर पैनी नजर रखी जा रही है। यदि जांच में प्रदूषण मानकों का उल्लंघन या किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है।




**अस्पताल को सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।**

# नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान, एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर आये दिन कार्यवाही कर रही है। नशे के तस्करों को रोज जेल भेजा जा रहा है। सोमवार को भी पुलिस ने ऑपरेशन सवेरे के अन्तर्गत एक नश तस्कर के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में स्मैक बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने भूषण पुत्र सुमेरचन्द निवासी रामलीला टिल्ला नगर कोतवाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक कांटा और हजारों की नकदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अवैध धन कमाने के लिए नशे के कारोबार को कर रहा था। बता दे कि जनपद के कई स्थानों पर स्मैक, गांजा, चरस की बिक्री हो रही थी।

जिसके चलते नई उम्र के युवक नशे के आदी हो रहे है। नशे के आदी होकर कई परिवार के युवक तो रूपयो से लेकर अपनी जान भी गवां चुके है। इसी के चलते शासन प्रशासन ने नशे की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। अब तक पुलिस नशा तस्कर और ठगी के आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। साईबर क्राईम पुलिस कई दर्जन साईबर क्राईम करने वाले लोगों को जेल भेज चुकी है। इसी के चलते आज कोतवाली पुलिस ने भी भूषण को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

# डीएम-एसएसपी व सर्राफा व्यापारियों की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को जिलाधिकारी स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा व संयुक्त आयुक्त एसआईबी(जीएसटी)एससी दीक्षित की अध्यक्षता में सर्राफा व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक में जनपद के सर्राफा व्यापारी और सम्बन्धी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सर्राफा व्यापारियों, प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था, बाजारों में निगरानी,सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, साइबर अपराधियों से बचाव व जीएसटी के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने जहां व्यापारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए कहा वही साईबर अपराधियों व ऑनलाईन ठगी से बचने के सम्बन्ध में जागरूक किया। डिजिटल लेन-देन के दौरान सर्तकर्ता बरतने और संदिग्ध काल लिंक और ऑनलाईन गतिविधियों से सावधान रहने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने जनपद में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से प्रशासन का सहयोग करने और शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की।

# मरीज की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

■ खामियां मिलने पर अस्पताल को किया सील

**मुजफ्फरनगर।** जहां-जहां अस्पतालों में बेगुनाहों या यूं कहे मरीजों की मौत हो रही है। बस वहीं चिकित्सा विभाग की कार्यवाही देखने को मिलती है। जानसठ में आये दिन अस्पतालों की भरमार हो रही है और यहां पर हो रही घटनाओं की भी स्वास्थ्य विभाग को लगातार जानकारी मिल रही है, लेकिन बडी घटना होने के बाद स्वास्थ्य विभाग जागता है।

?विगत दिवस भी जानसठ कस्बा क्षेत्र में एक झोलाछाप अस्पताल में मरीज की मौत के बाद कार्यवाही की गई थी। सोमवार को भी एक मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कस्बा जानसठ में छानबीन के बाद कागजों में कमी होने पर इस अस्पताल का ऑपरेशन थियेटर को सील कर दिया गया लेकिन सवाल यह है कि यहां भी एक ग्रामीण की मौत हो गई जिसकी उम्र 32 वर्ष बतायी गई है। इसके बाद ही विभागीय कार्यवाही की गई है।

जांच के दौरान पाया गया कि उक्त अस्पताल आयुष विभाग में पंजीकृत है, जबकि वहां पर पंजीकृत चिकित्सक डॉ. अवलीन मौके पर उपस्थित नहीं मिले। इसके अतिरिक्त अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर पूर्व में ही सील किया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा माही मेडिकल सेंटर को पूर्ण रूप से सील करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई तथा अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि मामले में नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि जनपद में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित अस्पतालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार के साथ जानसठ के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अर्जुन सिंह भी उपस्थित रहे।

# मुज़फ्फरनगर को स्मार्ट सिटी बनाने को कपिल देव के निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** आज मेरठ रोड स्थित विकास भवन, मुज़फ्फरनगर में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नगर के समग्र एवं सुनियोजित विकास के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रोंख्रामपुरी, ख्रष्णपुरी, नई मंडी, जसवंतपुरी, रामलीला टिल्ला आदि में जलनिकासी द्धक्तंपदंहमक्र की समस्या पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए मंत्री जी ने नालों की नियमित सफाई, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ निर्माण के माध्यम से जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए।इसके साथ ही निम्न बिंदुओं पर भी विस्तार से दिशा-निर्देश दिए गए।नालों की व्यापक सफाई अभियान चलाकर जलनिकासी व्यवस्था को सुचारू बनाना सड़कों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करना मुख्य चौराहों का सौंदर्यीकरण कर शहर की सुंदरता एवं व्यवस्थित स्वरूप को बढ़ाना

स्वच्छता व्यवस्था को सुख्रढ़ करना एवं कूड़ा निस्तारण की प्रभावी प्रणाली लागू करनास्मार्ट तकनीकों के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ाना बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर समन्वित कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया। मंत्री कपिल अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट



किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा तथा नियमित समीक्षा के माध्यम से कार्यों की प्रगति की निगरानी की जाएगी। मंत्री कपिल देव ने कहा कि मुज़फ्फरनगर को एक स्वच्छ, आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक-अनुकूल शहर के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी विभागों को पूर्ण प्रतिबद्धता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना होगा।

# गंगा स्नान मेले को लेकर अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले का आयोजन आगामी 23 मई से 26 मई तक किया जाएगा।मुख्यस्नान 25 मई को होगा।मेले के सफल आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शुकतीर्थ निरीक्षण भवन में किया गया, जिसमें मेले की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये।सुरक्षा, स्वच्छता,पार्किंग,बेरिकेटिंग पर विशेष चर्चा की गयी तथा गंगा घाट पर जाकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया।

तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत के द्वारा ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में 15 एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गयी।बैठक मे वन विभाग , स्वास्थ्य, पशुपालन, नगर पंचायत, सिंचाई विभाग, आबकारी विभाग,विद्युत, एमडीए, पुलिस व प्रशासन विभाग के प्रति. निधियों से आगामी 20 मई तक सभी कार्यो को दुरुस्त करने को कहा गया।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि प्रत्येक विभाग स्वयं की जिम्मेदारी को समझते हुए मेले की व्यवस्थाओं को सुंदर व सुखद़ बनाएं। स्वच्छता, सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए ।पीने के पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए।किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नही किया जायेगा।

श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मेले को व्यवस्थित व बेहतर बनाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये गये हैं। बैठक के उपरांत अधिकारियों ने गंगा घाट जाकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। बैठक में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, नायब तहसीलदार विपिन कुमार, बीडीओ मोरना विशाखा, सीओ देवव्रत वाजपेयी,थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार,चौकी इंचार्ज विवेक कुमार,एडीओ पंचायत योगेश्वरदत्त त्यागी, लिपिक अक्षय कुमार शर्मा,डॉ. महकार सिंह, प्रदीप निर्वाल,डॉ.रविदीप सिंह,डॉ. आर डी गौड़, सी एफ ओ अनुराग कुमार, एम डी ए के जे ई सन्दीप कुमार ,विद्युत विभाग के एसडीओ रवि कुमार, जे ई मंगतराम,राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



## दुर्घटना में मरे युवक की हुई शिनाख्त

**छपार।** हाइवे पर रात्रि में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई थी जिसकी तीन दिन बाद शिनाख्त हो गई।

शुक्रवार की रात्रि में छपार में हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने कट पर रात्रि ग्यारह बजे एक युवक सड़क पार कर रहा था उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। तीन दिन बाद शव की शिनाख्त गांव महरायपुर निवासी मेमपाल पुत्र मांगेराम के रूप में हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सोंप दिया। मृतक के पिता ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में दस बजे उसके मोबाइल पर फोन आया ओर वह सुनते हुए घर से बाहर निकल गया फिर वापस नहीं लौटा। उसे तलाश किया गया लेकिन कोई पता नहीं चला। फिर मोबाइल पर उसके शव का फोटो देखकर पहचान हुई।

# जिला इकाई एवं नगर इकाई का शपथ ग्रहण सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मुजफ्फरनगर जनपद की जिला इकाई युवा जिला इकाई एवं नगर इकाई का शानदार शपथ ग्रहण समारोह रुड़की रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंचन एवं प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री नवीन मक्कड़ की उपस्थिति में मुजफ्फरनगर जनपद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दवा व्यापारी शशि राज गुप्ता ने की स कार्यक्रम का सफल संचालन मुजफ्फरनगर नगर इकाई के महामंत्री मनीष बंसल ने किया स

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि आज के शपथ ग्रहण समारोह में मुजफ्फरनगर जनपद की जिला इकाई के पंद्रह पदाधिकारी युवा इकाई के पंद्रह पदाधिकारी नगर इकाई के पंद्रह पदाधिकारी एवं मुजफ्फरनगर नगर के बंजारों की ग्यारह पदाधिकारीयों को मिलाकर कुल छप्पन पदाधिकारीयों ने शपथ ग्रहण की है स

प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने क्रमवार सभी इकाइयों के पदाधिकारीयों को बुलाकर व्यापारियों के हितों के लिए सच्ची निष्ठा के साथ काम करने की शपथ दिलाई स सभी व्यापारियों ने शपथ ली कि वह सच्ची निष्ठा के साथ व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ेंगे। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारीयों में अरुण प्रताप सिंह आवेश चौधरी विकास अग्रवाल निखिल मित्तल सराफ राजकुमार कालरा संजीव संगम अमित गोयल पवन मित्तल रण सिंह चौहान अनमोल रतन छाबड़ा सतीश मलिक दिनेश त्यागी विपिन चौधरी विनोद कुमार कपिल कुमार गुप्ता एडवोकेट नीरज चौधरी मनीष बालियान विशाल रॉयल नीतुल कुमार पाल रितिक सिंह पुरू करनवाल शोभित धीमान हर्ष नेगी अमित राज इंद्रजीत सिंह धवन सचिन गोयल विक्रांत शर्मा मनीष बंसल कुशाग्र शर्मा प्रवीण चौधरी अंकुर गुप्ता अमित गुप्ता अंकुर जैन हेमंत ग्रोवर अनमोल जिंदल आदेश संगल सीताराम त्यागी पंकज जैन अनुज आर्य एडवोकेट शिवम तायल ज्ञान प्रकाश अरोड़ा सरदार कुलविंदर सिंह भारत अरोरा मोहित नागपाल रमेश पांचाल मयंक अग्रवाल मनोज पाल तपेश त्यागी अजय गुप्ता विपिन सिंगल आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

# ईदुलजुहा पर शांति व्यवस्था को लेकर फुगाना में हुई बैठक

**फुगाना।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर सोमवार के दिन फुगाना थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। एसडीएम बुढ़ाना ख्रष्णकांत ब्श्विकर्मा और क्षेत्राधिकारी फुगाना यतेंद्र नागर ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों व सम्मानित व्यक्तियों के साथ बैठक कर ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात अक्षय संजय महाडिक के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी त्योहार हो वह खुशियों का प्रतीक होता हैं। एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा और सीओ यतेंद्र नागर ने ईद उल अजहा पर होने वाली कुर्बानी को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल निर्धारित स्थलों पर ही की जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो और खुले में कुर्बानी व अवशेष न फेंके जाएं। अधिकारियों ने संभ्रांत लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह न फैलाएं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें। इस बैठक में फुगाना थाना प्रभारी जयवीर सिंह, क्षेत्र के ग्राम प्रधान, धर्मगुरु, व्यापारी और अन्य संभ्रांत व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# एचएलओ लगे मकानों की गणना के कार्य में

**बुढ़ाना।** आगामी जनगणना को लेकर बुढ़ाना कस्बे में कई एचएलओज के द्वारा मकानों की गणना का कार्य सोमवार से विधिवत शुरू कर दिया गया। जनगणना डयूटी में लगे कई एचएलओ ने अपने अपने आवंटित क्षेत्र में सबसे पहले नजरी नक्शा तैयार किया।

इसके बाद मकानों पर नंबर डालने का कार्य शुरू किया गया ताकि मकान गणना का कार्य सुचारु रूप से संपादित किया जा सके। मौहल्ला पछाला में मकान गणना के कार्य में मुख्य रूप से एचएलओ ममता, रचना देवी और संजू की टीम जुटी रही। तीनों एचएलओज ने अपने अपने आवंटन एरिया में घर घर जाकर मकानों का भौतिक सत्यापन किया और नंबर अंकित किए। इस कार्य में शिक्षक सुशील सैनी द्वारा एचएलओ का विशेष रूप से सहयोग किया गया। उन्होंने एचएलओ टीम को नजरी नक्शा बनाने और मकान नंबरिंग में तकनीकी मदद दी जिससे कि कार्य तेजी से पूरा हो सके। स्थानीय प्रशासन ने इस संबंध मे बतलाया कि मकान गणना का कार्य जनगणना का पहला चरण है। सही नजरी नक्शा और नंबरिंग से आगे की गणना में आसानी होगी और कोई भी परिवार छूटेगा नही। प्रशासन ने सभी लोगों से इस दौरान एचएलओ का सहयोग करने की भी अपील की है।



# सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया 'क्रेजी हेड डे

**भोपा।** मुज़फ्फरनगर मार्ग स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल के प्री-प्राइमरी सेक्शन में 'क्रेजी हेड डे' का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी कक्षा के बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चे अलग-अलग डिजाइन, रंग-बिरंगी और आकर्षक टोपी पहनकर विद्यालय पहुंचे ।मुख्य आकर्षण बच्चों की रैंप वॉक रही, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे आत्मब्श्विास के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों की रैंप वॉक रही, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और मुस्कुराहट के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी।




प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने बताया कि इस प्रकार की गति. विधियों का उद्देश्य बच्चों में आत्मब्श्विास बढ़ाना, रचनात्मक सोच को विकसित करना, मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बनाना है। इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं कमलेश चंदेल, रचना भटनागर, रविता, आरती राठी, सुरेखा एवं संगीता का विशेष योगदान रहा।

# शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

**भोपा।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर जूनियर एवं प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय कम्हेडा के प्रधानाध्यापक सीताराम व निवादा कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक सईद अख्तर को शाल ओढ़ाकर कुरान व गीता, घडी, छतरी भेंट कर व माला पहनाकर साथी शिक्षकों ने भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान न्याय पंचायत के संकुल प्रभारियों व एआरपी को भी सम्मानित किया

समारोह में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मोरना ध्यानचंद ने कहा कि शिक्षक ही बच्चों के भविष्य के सच्चे निर्माता होते हैं और गुरु-शिष्य परंपरा को बनाए रखते हुए शिक्षण कार्य करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, समाज को उनसे जीवनभर मार्गदर्शन की अपेक्षा रहती है। शिक्षक एक प्रकाश पुंज हैं, जो स्वयं भी प्रकाश का केंद्र होते हैं। शिक्षक का समाज में सर्वोच्च स्थान होता है, इसलिए उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना चाहिए।

समारोह में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अक्षय कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शर्मिल राठी, सेवानिवृत्त शिक्षक अरविंद शर्मा, जिला मंत्री राजन वशिष्ठ ने न्याय पंचायत के संकुल प्रभारियों व एआरपी को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक ;षिराज सिंह ने की तथा संचालन अंजु गौड़ व आजादवीर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कपिल वर्मा, रामकुमार, अजय जैन, कपिल तोमर, सुबोध कुमार, अंजु चौधरी, महमूदुल हसन आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

मेरी पुत्री आरती (AARTI) ने हाईस्कूल की परीक्षा सन 2024 संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में जनता इण्टर कॉलेज, मुस्तफाबाद पचैडा, जिला मुजफ्फरनगर से उत्तीर्ण की है। जिसका अनुक्रमांक नंबर 1240494068 का अंक पत्र प्रमाण-पत्र वास्तव में खो गया है इसे मैने व मेरी पुत्री ने किसी को दिया नही है और न ही कहीं जमा किया है।

**प्रवीण कुमार पुत्र श्री सूरत सिंह ग्राम पचैडा खुर्द डाकखाना मेघाखेडी, जिला मुजफ्फरनगर( यूपी ) मो. नं०-8923141335**

**सूचना**

मेरे पुत्र देव त्यागी (Dev Tyagi) के जन्म प्रमाण पत्र सं 8789/25.08. 2012 मे गलती से पिता का नाम दीपक व माता का नाम विनीता हो गया था। जबकि सही नाम क्रमश: दीपक कुमार त्यागी (Deepak Kumar Tyagi), विनीता त्यागी(Vinita Tyagi) है। भविष्य मे भी इन्ही नामो से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**दीपक कुमार त्यागी पुत्र रविन्द्र कुमार त्यागी निवासी म.नं. 690 रामपुरी थाना कोतवाली नगर मु. नगर**

# लेखपाल मुख्य परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा निर्धारित 21 मई को आयोजित होने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा के 21 मई को आयोजित होने वाली लेखापाल मुख्य परीक्षा 10रू00 से 12रू00 बजे तक चलेगी ।परीक्षा में 7008 अभ्यथह्र भाग लेंगे। परीक्षा जनपद के 15 केंद्रों पर आयोजित कराई जाएगी। लेखपाल मुख्य परीक्षा में 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 15 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 15 केंद्र व्यवस्थापक, 1528 अंतरीक्षक की डड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि जिस तरह पूर्व में परीक्षाएं कराई है ठीक उसी प्रकार यह भी परीक्षा भी पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी, नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए परीक्षा केंद्र का पहले से निरीक्षण कर जो कमियां हो उनको पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए परीक्षा केंद्र में पीने के पानी, विद्युत, जनरेटर, पंखे, महिला पुरुष/ शौचालय आदि व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। ।उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, किसी भी प्रकार के गैजेट,या पर्चियां ले जाना पूरी तरह वर्जित है।



बैठक के अन्त में अपर जिला. धिकारी प्रशासन ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक चलेगा। उन्होंन कहा कि 21 मई तक चलने वाले स्वयं जनगणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें कर अपनी स्व गणना अवश्य करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अतुल चौबे, समन्वयी पर्यवेक्षक आयोग राजवंत सिंह यादव, उप जिलाधिकारी कलेक्ट, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास्तव, तहसीलदार सदर, जनपद क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिक. ारी उपस्थित रहे।

## पृथ्वीराज चौहान की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की जन्म जयंती जानसठ रोड स्थित होटल में बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता ठाकुर जे.एस. चौहान ने की, जबकि कुशल संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अग्रीस राणा द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के अद्वितीय शौर्य, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और उनके त्यागमयी जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जयंती के इस पावन अवसर पर क्षत्रिय समाज में आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। महासभा के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुज़फ्फरनगर।**

पत्रांक 1920/मु.वि.प्रा./ प्रकाशन / 2026-27 दिनांक 18/5/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 03 निर्माण/विकास कार्यो को कराये जाने हेतु अनुभवी फर्म/राजकीय विभागों में उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से सपठित नियम शर्तो के अधीन ई-निविदाएंhttps://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित हैं तथा ई-निविदाओं को डाउनलोड/अपलोड किये जाने की तिथि ई-निविदा आमन्त्रण सूचना में कार्यो के सम्मुख डाउनलोड/अपलोड एवं ई-निविदा खोले जाने की तिथि अंकित की गई है। कार्यो / निविदाओं एवं शर्तो का विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट www.mdamuzaffarnagar.com पर भी देखा जा सकता है।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

मेरा पुत्र साजिद व उसकी पत्नी श्रीमति कशिश जो मेरे व मेरे अन्य परिवार वालों के कहने सुनने में नही है तथा उनका आवारा किस्म के लोगों में उठना बैठना है तथा तरह-तरह का नेशा करता है। उसकी इन हरकतो से परेशान होकर मैने व मेरे अन्य परिवार वालों ने साजिद व उसकी पत्नी श्रीमति कशिश से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उन्हे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद हमारा उनसे कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का नही है और न ही मतलब वास्ता होगा। उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन अथवा वाद-विवाद का मेरे व मेरे अन्य परिजन जिम्मेदार नही होंगे।

**फैय्याज पुत्र इलियास निवासी मौहल्ला काजियान कस्बा व थाना व तहसील जानसठ जिला-मुजफ्फरनगर।**

# एसएफडीएवी के परीक्षा परिणाम से छात्रों में हर्ष

**मुजफ्फरनगर।** एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल में सी. बी. एस. ई. की बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही सफल हुए छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पडी। विद्यालय के मेधावी छात्र / छात्राओं में वाणिज्य वर्ग की सखी साहनी ने 96.8 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, वाणिज्य वर्ग के ही वरदान तनेजा ने 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, वहीं विज्ञान वर्ग की अवनी त्यागी ने 87.4 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय का गौरवान्वित किया अपितु अपने अभिभावको के सम्मान को भी बढ़ाया। चित्रकला विषय में शीना फातिमा ने 100 अंक, सखी साहनी ने 99 अंक वही सखी साहनी ने लेखाशास्त्र व अर्थशास्त्र में 98 अंक व व्यवसाय अध्ययन में 95 अंक प्राप्त किए, अंग्रेजी विषय में ईशिका मलिक ने 95, शारीरिक शिक्षा में अवनी त्यागी ने 95 अंक व वरदान तनेजा ने गणित




विषय में 92 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सफल छात्रों को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ऐ. के. मोहन ने कहा कि इन छात्रों की सफलता का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों के साथ उनकह मे. हनत एवं लगन को जाता है। जिन्होनें संयम, लगन और अनुशासन के साथ परिश्रम किया। इन छात्रों की सफलता का श्रेय उनके अभिभावकों को भी जाता है जिन्होनें उचित मार्गदर्शन के साथ अपने बच्चों को प्रेरित किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **मौ0 आरिफ** मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा गलत संगत में उठता बैठता है। **मौ0 आरिफ** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **मौ0 आरिफ** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सलीम पुत्र अजीज**
निवासी: म0नं0 326, ग्राम शेरनगर, थाना नई मण्डी, जिला मुजफ्फरनगर।

# नहाने के लिए दोस्तों के साथ गया किशोर लापता

## पीएसी के गोताखोरों ने चितौड़ा गंगनहर झाल में चलाया सर्च अभियान

**■ परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका, सिखेड़ा पुलिस पर लगाए लापरवाही के आरोप**

**मुजफ्फरनगर।** सिखेड़ा क्षेत्र के चितौड़ा गंगनहर झाल पर दोस्तों के साथ नहाने आया किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों का आरोप है कि लापता किशोर के तीन दोस्त उसे घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

घटना के बाद परिवार में को. हराम मचा हुआ है और परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।मुजफ्फरनगर के रामपुरम निवासी पीड़ित मुमताज ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके 17 वर्षीय पुत्र हुज़ेफा शनिवार को अपने घर पर मौजूद था तभी उसके दोस्त अबुजर, आहद, सुहैल उसे बुलाकर अपने साथ ले गए। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिवार का आरोप है कि जिन दोस्तों के साथ किशोर गया था, वे भी संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं। परिजनों ने बताया कि उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी, परिजनों का आरोप है कि सिखेड़ा पुलिस मामले को गंभीरता से लेने के बजाय टालमटोल करती रही। इंस्पेक्टर सिखेड़ा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि पीएसी की टीम बुलाकर सर्च अभियान चलाया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है, और किशोर की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। मोबाइल लोक. ेशन एवं पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।





**सूचना**

मेरी पुत्री अभिप्षा के जन्म प्रमाण पत्र सं.4346/13.04. 2021 में पुत्री का नाम अभिप्षा एवं उसकी माता का नाम काजल मित्तल दर्ज हो गया है। जोकि गलत है। जबकि सही नाम क्रमश: अभिप्षा मित्तल एवं काजल गुप्ता है। संशोधन हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जाएगा

**दीपक मित्तल पुत्र स्व. विनोद मित्तल, म.न.309, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर।**

# केशवानन्द महाराज का देवलोक गमन : मोरारी बापू

**मोरना।** पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज को श्र)ांजलि अर्पित करने का सिलसिला जारी है। बिश्व प्रसिद्ध सन्त मोरारी बापू,प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सहित अनेक साधु संतों ने ब्रह्मलीन सन्त को श्र)ांजलि अर्पित की है।वहीं आगामी एक जून को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन व षोडसी भंडारे का आयोजन किया जाएगा।सोमवार को श्र)ालुओं ने ब्रह्मलीन सन्त की समाधि पर आरती की।

शुकतीर्थ के प्रसिद्ध हनुमन्तधाम आश्रम के पीठाधीश्वर पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज रविवार की सुबह गौलोक गमन कर गए थे।शाम के समय आश्रम परिसर में हनुमान जी की विशाल विग्रह मूर्ति के सामने ब्रह्मलीन स्वामी को भूसमाधि दी गई सोमवार को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने बताया कि समाधि के पास दो आचार्यो द्वारा प्रभु नाम जप जारी है।बिश्व प्रसिद्ध सन्त मोरारी बापू ने अपने संदेश में कहा है कि शुकतीर्थ में राम कथा के दौरान ब्रह्मलीन स्वामी केशवानन्द महाराज से उनकी भेंट हुई थी। स्वामी केशवानंद महाराज सरल विहंगम ख्रष्टि वाले सन्त थे।सन्त समाज के लिए अग्रणी एवं शुकतीर्थ के सर्वांगीण विकास के महापुरुष थे। वह सदैव हम सभी के हृदय में विरा. जमान रहेंगे उनका जाना एक गौरवपूर्ण युग का अंत है वह चेतना अब शरीर त्याग कर वामन विराट हो गयी है

।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने सन्देश में श्रद्धय स्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

फोन द्वारा श्रद्धांजलि देने वालों मे महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरी महाराज,महामंडलेश्वर स्वामी



अभयानंद सरस्वती महाराज लखनऊ, महामंडलेश्वर स्वामी चंद्रशेखर गिरी महाराज ललितपुर मध्य प्रदेश, महामंडलेश्वर चेतन गिरी महाराज सोजत सिटी राजस्थान, महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद गिरी महाराज नैमिषारण्य,महामंडलेश्वर स्वामी शिव प्रेमानंद महाराज हरिद्वार, गंगाराम हॉस्पिटल के अध्यक्ष,डीएस राणा,डॉ. विनोद आदि ने श्रद्धांजलि भेजे हैं।स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने बताया कि आगामी 1 जून को श्रद्धांजलि सभा में षोडसी भंडारे का आयोजन किया जाएगा वहीं मंगलवार को धोलरोट का भोग एवं अग्नि होत्र तथा सन्तो एवं भक्तो का भंडारा किया जायेगा। वहीं श्रद्धांजलि सभा मे प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा आने की जानकारी दी गयी है।

# कलश यात्रा के साथ गूंजा भक्ति का स्वर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा परिसर में सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के बीच श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कथा आरंभ से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भगवान के जयकारों और भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।कलश यात्रा का शुभारंभ बसंती नर्सिंग होम से हुआ। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए ठाकुरद्वारा परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए और जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कथा के प्रथम दिन कथा व्यास भागवत किंकर नमन ख्रष्ण महाराज ने श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य को धर्म, सदाचार और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।वउन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलती है और नई पीढ़ी को भारतीय संस्ख्रति से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रवचन श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।पहले दिन कथा के यजमान दवा व्यवसायी प्रदीप शर्मा पत्नी सहित रहे, जिन्होंने विधि-विधान से पूजन कराया। आयोजन व्यवस्था में डॉ. दिनेश चंद्र की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर रजनीश, बबलू, बिल्लू, खुशांक, प्रवीण प्रधान, कुलदीप



त्यागी, डॉ. नरेंद्र त्यागी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि कथा महोत्सव के आगामी दिनों में भगवान श्रीकृष्ण एवं अन्य धार्मिक प्रसंगों का विस्तृत वर्णन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एक जून को होगी उत्तराधिकारी की घोषणा

**मोरना।** हनुमन्तधाम आश्रम एक विशाल धार्मिक संस्था होने के अलावा अपनी सुख्रढ़ व्यवस्थाओं के रूप में प्रसिद्ध है। आश्रम के पीठाधीश्वर के देवलोक गमन के उपरांत उनके उत्तराधिकारी को लेकर जिज्ञासा बनी हुई है। आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के टंडन ने जानकारी देकर बताया कि आगामी 1 जून को श्र)ांजलि सभा के दिन उत्तराधिकारी की घोषणा की जाएगी। अभी आश्रम ट्रस्ट जुड़े सदस्य अभी बाहर हैं।सदस्य इकठा होकर निर्णय लेंगे। ब्रह्मलीन स्वामी महामंडलेश्वर केशवानंद महाराज धार्मिक नियमों को लेकर बहुत ख्रढ़ थे उसी ख्रढ़ता के साथ नियमों का पालन आगे भी जारी रहेगा।तथा ब्रह्मलीन स्वामी के आशीर्वाद से आश्रम के विकास की गति जारी रहेगी।

### वैश्विक हालातों के बीच ऊर्जा संरक्षण पर महिलाओं को किया जागरूक



**खतौली।** नारी कल्याण समिति की मासिक बैठक में सोमवार को बदलते वैश्विक परिदृश्य और बढ़ते ऊर्जा संकट को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों का असर आम जनजीवन पर भी पड़ रहा है। ऐसे समय में ऊर्जा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग बेहद आवश्यक हो गया है। बैठक में महिलाओं से आ]वान किया गया कि वे घरों में एलपीजी गैस, पेट्रोल और बिजली की अनावश्यक खपत को कम करने का प्रयास करें। वक्ताओं ने सुझाव दिया कि भोजन पकाने में प्रेशर कुकर तथा कम ईंधन खर्च करने वाले साधनों का अधिक प्रयोग किया जाए, ताकि समय और संसाधनों दोनों की बचत हो सके।समिति की सदस्यों ने कहा कि दैनिक जीवन में छोटी-छोटी आदतों में बदलाव कर बड़ी बचत संभव है। कम समय में बनने वाले खाद्य पदार्थों को अपनाने, अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचने और जरूरत पड़ने पर ही यात्रा करने की सलाह दी गई।बवक्ताओं ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यदि हर परिवार संसाधनों की बचत को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले, तो देश स्तर पर सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। बैठक के अंत में सभी महिलाओं ने ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### शाहवेज कुरैशी ने वुशू में जीता गोल्ड मैडल

**बुढ़ाना।** श्रीनगर की कश्मीर यूनिवर्सिटी में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशू चौंपियनशिप में बुढ़ाना कस्बे के सराय मौहल्ले के शाहवेज कुरैशी ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के छात्र शाहवेज ने 100 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी 6 मुकाबले जीते और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कश्मीर यूनिवर्सिटी श्रीनगर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के 136 विश्वविद्यालयों से लगभग 2700 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबले के बीच बुढ़ाना के शाहवेज कुरैशी ने अपनी तकनीक, फुर्ती और दमखम से सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए फाइनल में एकतरफा जीत दर्ज की। स्वर्ण पदक जीतकर लौटे शाहवेज कुरैशी ने अपनी जीत का श्रेय कोच कपिल कुमार, मनीष, अमीर आलम और राहुल चौधरी को दिया। शाहवेज ने कहा कि मेरे कोच ने दिन रात मेरे साथ कड़ी मेहनत की। उसी मेहनत का फल है कि आज मैं गोल्ड लेकर आया हूं। आगे भी देश के लिए खेलना चाहता हूं। गोल्ड मेडल जीतकर बुढ़ाना पहुं. चने पर मोहम्मद शाहवेज का कस्बे में भव्य स्वागत किया गया। हाजी जाकिर मिर्जा और शहजाद मिर्जा ने शाहवेज कुरैशी को फूलों की मालाएं पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान कस्बे में खुशी का माहौल रहा और युवाओं ने डीजे पर जमकर जश्न मनाया। यहां पर स्थानीय लोगों ने कहा कि शाहवेज की इस उपलब्धि से बुढ़ाना का नाम पूरे देश में रोशन हुआ है। शाहवेज कुरैशी अब अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं।

### पीठाधीश्वर महाराज ने किया प्रयोगशाला का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर। जनपद के ब्लॉक बघरा मे स्थित प्रसिद्ध स्वामी कल्याण देव कन्या इन्टर कालेज में सोमवार को भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम (शुकतीर्थ के पीठाधीश्वर पूज्य स्वामी ओमानंद जी महाराज के द्वारा विद्यालय परिसर पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया. उन्होंने सर्व प्रथम उन्होंने माता सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित किया, तत्पश्चात उन्होंने स्वामी कल्याण देव कन्या इन्टर कालेज में बनाये गये नए अध्ययन कक्षाओं का निरीक्षण किया गया, उसके बाद उन्होंने विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्तर प्रतिशत आने के लिए सभी छात्राओं व अध्यापिकाओ को शुभकामनाएं दी ओर जिन छात्राओं के द्वारा अच्छे वार्षिक परीक्षा मे अंक प्राप्त करें है उनको शील्ड देकर सम्मानित किया गया। महाराज जी के द्वारा प्रसाद भी वितरित किया गया है, उसके बाद उन्होंने प्रबंधक देवराज पवार व विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं व स्टाफ के द्वारा बनाये गये जीव विज्ञान के प्रयोगशाला अध्ययन कक्ष को संचालित करने के लिए बधाई दी है, तत्पश्चात महाराज जी स्वामी कल्याण इन्टर कालेज में पहुंचे जहां पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार वर्मा को उनके सेवा निवृत्ति के अवसर पर उनको भावहीन विदाई दी गई है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# आर्य महासम्मेलन व शोभायात्रा में लिया भाग

**मन्सूरपुर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में आयोजित आर्य महासम्मेलन एवं शोभायात्रा में वैदिक पुत्री पाठशाला के प्रांगण में आर्य युवा समाज एस. एफ. डी ए वी पब्लिक स्कूल मुजफ्फर नगर आर्य समाज की प्रधाना पूनम पंवार जी की प्रेरणा से छात्र - छात्राओ के चारित्रिक , आध्यात्मिक , नैतिक, सामाजिक , बौद्धिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए और उनमें श्रेष्ठ गुणों , नैतिकता व अच्छे संस्कारों को भरने के लिए विद्यालय के छात्रों ने शोभायात्रा में भाग लिया।



शोभायात्रा नई मंडी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वैदिक पुत्री पाठशाला पर पहुंची । शोभायात्रा में सभी छात्र छात्राएं और आचार्य, आर्य जन, सन्यासी महर्षि के गीत , जयघोष, नारे लगाते हुए ;षि का संदेश जन जन तक पहुंचाते हुए चल रहे थे ।इस अवसर पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी अपने विचारों से सभी को उद्बोधित किया । तथा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम पंवार ने सभी छात्र छात्राओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की । शान्ति पाठ के पश्चात् प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

# वार्ड 14 में चेयरपर्सन ने लगवाया वाटर कूलर

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल की ओर से सोमवार को वार्ड नंबर 14 में स्थित पीर शाह विलायत पर एक बड़ा रेफ्जिरेटर लगवाया गया। यह कार्य बुढ़ाना नगर पंचायत की वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी, वार्ड नंबर 03 के सभासद सलीम कुरैशी एवं वार्ड नंबर 16 के सभासद बालू कुरैशी के अनुरोध पर कराया गया। तीनों सभासदों ने चेयरमैन उमा त्यागी से वार्ड नंबर 14 में सार्वजनिक स्थल पर वाटर कूलर लगवाने की मांग की थी। पीर शाह विलायत पर हर रोज बड़ी संख्या में जायरीन और राहगीर आते हैं। गर्मी




के मौसम में वाटर कूलर लगने से लोगों को पीने का ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए नगर पंचायत चेयरमैन उमा त्यागी का आभार जताया है। इस जनहित के कार्य के लिए वार्डवासियों ने तीनों सभासदों इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी और बालू कुरैशी को भी खूब बधाई दी है और उनके प्रयासों की भी जमकर सराहना की है।

# सपा नेता भाटी के बयान पर महिलाओं में उबाल

**बुढ़ाना।** सपा नेता राजकुमार भाटी द्वारा महिलाओं को लेकर की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में सोमवार को कस्बे के मौहल्ला मास्टर कॉलोनी में स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में महिलाओं की एक आपात बैठक हुई। बैठक में रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी सहित दर्जनों महिलाओं ने भाटी के बयान की कड़ी निंदा की और शासन प्रशासन से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। बैठक को संबोधित करते हुए रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने कहा विगत दिवस सपा नेता राजकुमार भाटी ने महिलाओं के बारे में जो अशोभनीय टिप्पणी की है वह निंदनीय है। एक सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेता से ऐसी भाषा की उम्मीद नहीं की जाती। यह पूरे महिला समाज का अपमान है। महिलाओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन से राजकुमार भाटी के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस बैठक में मौजूद महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई नहीं की तो महिलाएं सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगी। बैठक में मौजूद अन्य महिलाओं ने कहा कि नेता के बयान से क्षेत्र की बेटियां और



महिलाएं आहत हैं। महिलाओं ने कहा कि सार्वजनिक मंच से महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंच. ाने वाले बयानों पर रोक लगनी चाहिए। बैठक में मुख्य रुप से रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के अलावा ज्योति पंवार, रश्मि, ज्योति, संगीता, अंजलि, शिवानी और पिंकी सहित अन्य कई महिलाएं भी मौजूद रही।

# कबूतरबाजों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**फुगाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात अक्षय संजय महाडिक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत फुगाना पुलिस ने कई कबूतरबाजों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी रविंद्र कसाना ने किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर फुगाना थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान में छापा मारकर 10 कबूत. रबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने मौके से कबूतरबाजी में इस्तेमाल होने वाले कबूतर भी बरामद किए। फुगाना पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी कबूतरों को मौके पर ही आजाद कर दिया। पकड़े गए 10 आरोपियों के खिलाफ जुआ अधि. नियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले रतनपुरी पुलिस भी कबूतरबाजों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। रतनपुरी पुलिस की कार्रवाई के बाद अब फुगाना पुलिस ने भी कबूतरबाजी के अवैध धंधे पर शिकंजा कसा है। लगातार हो रही कार्रवाई से कबूत. रबाजों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में एसपी देहात अक्षय महाडिक के पर्यवेक्षण में फुगाना पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## छात्र अंश ने अमेरिका में केएआई में पाया प्रवेश

**भौरांकलां।** डीएवी इंटर कालेज आलमपुर सिसौली के छात्र रहे अंश बालियान ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ पीपुल केएआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रवेश पाकर देश, प्रदेश जनपद, किसान नगरी सिसौली एवं अपने विद्यालय का मान बढ़ाया है। अंश ने दस लाख पचास हजार विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धा मे सफलता हासिल की है। अंश बालियान ने अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ पीपुल केएआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दाखिला लेकर विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े छात्रों के लिए प्रेरणा सोत्र बनकर सभी को प्रेरित किया है। भारतीय किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत, विद्यालय के सेवा. निवृत अध्यापक जयपाल सिंह, नरेश पाल, विजेंद्र सिंह और किसान चिंतक कमल मित्तल उपस्थित में अंश बालियान के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने अंश बालियान को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भारतीय किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने विद्यालय के प्रधानाचार्य यतेंद्र कुमार धीर को बधाई देते हुए उनके कार्य शैली की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रवक्ता और मुकेश कुमार व आरपी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यालय के प्रधानाचार्य की अगुवाई में विद्यालय के सभी शिक्षक साथी ढोल नगाड़े के साथ अंश बालियान के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए अंश बालियान के आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगो ने अंश का जगह जगह स्वागत भी किया।

# तेज रफ्तार बाइक चालक ने बच्चे को मारी टक्कर, पैर टूटा

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में मंडी स्कूल से पारसी अढे की ओर जा रहे एक 10 साल के बच्चे को तेज रफ्तार एचएफ डीलक्स बाइक के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उक्त बच्चे का पैर टूट गया। बच्चे के पिता ने बाइक नंबर न्च 12- 2868 के चालक विशाल के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चंदायन थाना बिनौली तहसील बड़ौत जनपद बागपत निवासी अखलाक पुत्र शौकत ने बुढ़ाना पुलिस को दी गयी एक तहरीर में बतलाया कि उनका 10 वषह्मय बेटा जैद बीती 20 अप्रैल को कस्बा बुढ़ाना में मंडी स्कूल से पारसी अढे की ओर जा रहा था। सड़क पार करते समय तेज व लापरवाही से आ रही बाइक संख्या न्च 12-2868 ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जैद को काफी चोट आई और उसका एक पैर टूट गया। अखलाक ने बताया कि उन्होंने बेटे का मेडिकल हॉस्पिटल मेरठ में ऑपरेशन कराया। पीड़ित पिता ने बताया कि पता करने पर बाइक सवार का नाम विशाल निकला। विशाल की नदी वाले मंदिर के पास ठण्डे की दुकान है। पीड़ित अखलाक ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक विशाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# कश्यप समाज ने की महर्षि कश्यप घाट के निर्माण की मांग

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में भगवान महर्षि कश्यप के नाम पर गंगा घाट के निर्माण की मांग कश्यप समाज ने की है। घाट के निर्माण की मांग को लेकर कश्यप समाज के अनेक लोग जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल से मिले।जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुनीत कार्य में सहयोग का आश्वासन दिया है।

भोपा में स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर सोमवार को पहुंचे हाजीपुर निवासी नामित सभासद संजीव कश्यप के नेतृत्व में कश्यप समाज के दर्जनों व्यक्तियों ने एक मांग पत्र जिला पंचायत अध्यक्ष को सौंपा।संजीव कश्यप ने बताया कि तीर्थ नगरी शुकतीर्थ का विशेष धार्मिक महत्व है। अनेक अवसर सहित प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिये तीर्थ नगरी में आते हैं। सरकार द्वारा विकास कार्य जारी हैं।जिसमें सुंदर घाट का निर्माण भी जारी है।क्षेत्र के धार्मिक एवं ऐतिहा. सिक महत्व के दृष्टिगत यहां पर भगवान महर्षि कश्यप के नाम पर गंगा घाट का निर्माण कराया जाए।महर्षि कश्यप भारतीय परंपरा के महान विश्व में से एक रहे हैं जिनके नाम पर घाट का निर्माण होने से इस स्थल की धार्मिक गरिमा और अधिक बढ़ेगी तथा श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित एवं सुव्यस्थित स्नान स्थल उपलब्ध हो सकेगा। वर्तमान में पर्याप्त एवं सुरक्षित घाट के अभाव में श्रद्धालुओं को कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है।जनहित व धार्मिक आस्था को ध्यान मे रखते हुए



भगवान महर्षि कश्यप के नाम पर सुंदर,भव्य घाट का निर्माण कराया जाए।इस अवसर पर मुख्य रूप से शंकर कश्यप भोपा अनिल कश्यप मोरना, कुलदीप कश्यप, सोनू कश्यप, अरुण कश्यप, विपिन कश्यप, सोमदत्त कश्यप,मिन्टू कश्यप, जोनी कश्यप, सीटू कश्यप,अनुज कश्यप, विक्की कश्यप, रवि कश्यप, आदित्य कश्यप, हरि ओम कश्यप, बबलू कश्यप, विनीत कश्यप,अंकित कश्यपआदि मौजूद रहे।

# बिना शुल्क के नहीं होता मरीजों का उपचार

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने जिला अस्पताल के खिलाफ भी बिगुंल फूक दिया उन्होने कहा कि सरकार अस्पताल मे किसान और आमजन का बडे स्तर पर शौषण किया जा रहा कोई भी काम बिना सुविधा शुल्क के नही किया जा रहा है

अगर किसी का किसी तरह का ओपरेशन होता है तो उसमे भी तीन से हजार रू लिये जाते है और अगर किसी का अल्ट्रासाउंड और सिटी सिकिन होता है तो उसे भी जल्दी कराने के लिए सुविधा शुल्क लिया जाता है और जब तक वहा के डाक्टरो को और सुविधा शुल्क नही दिया जाता तब तक मरीज कि सही से देख रेख नही कि जाती और ना ही आपरेशन किया जाता है अगर कोई जच्चा



और महिला वार्ड मे एडमिट होती है तो उंनसे भी हजारो रू का सुविधा शुल्क लेने के बाद भी डिलवरी करायी जाती है और सबसे बडा मुद्दा है जिला अस्पताल होने के बाबूजूद भी सभी कैमरे बंद है जिसे आई दिन चौरी होती है और तीमर दारो कि सुनवाई कि भी कोई सुनवाई नही हो रही इसलिए संगठन जिला अस्पताल के खिलाफ बिगुल फुक दिया है 20 मई को कार्यकारिणी प्रदेश अजय त्यागी के नेतृत्व सी एम ओ ओफिस पर धरना प्रदर्शन किया जाऐगा इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी हीरा बालियान अजहर हसीर जगम अली दीपक तोमर आदि मौजूद रहे।

# कुत्ता नहलाने पर पड़ोसी ने की गाली गलौज

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव टांडा माजरा में कुत्ता नहलाने को लेकर पड़ोसी ने मां बेटे को गाली गलौज कर बल्लम और फावड़ा लेकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अरविन्द कुमार ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा माजरा निवासी अरविन्द उर्फ भूरा पुत्र मोहन लाल ने बुढ़ाना पुलिस को दी गयी एक तहरीर में बतलाया कि बीती 08 मई की सुबह करीब 06 बजे वह अपनी माता उर्मिला देवी के साथ घर के बाहर अपने पालतू कुत्ते को नहला रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाला बीरसैन पुत्र मंगल वहां आ गया। आरोप है कि बीरसैन ने आते ही गाली गलौज शुरू कर दी और कहा कि कुत्ता अपने घर के अंदर नहला।

अरविन्द ने विरोध किया तो आरोपी अपने घर से पहले बल्लम और फिर दोबारा फावड़ा लेकर आ गया। उसने अरविन्द और उसकी माता को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। अरविन्द ने बताया कि जान बचाने के लिए वह माता के साथ घर के अंदर भाग गया। पूरी घटना की रिकॉर्डिंग उसने अपने मोबाइल से कर ली। पीड़ित अरविंद उर्फ भूरा ने बुढाना पुलिस से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। बुढ़ाना पुलिस ने अब पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने तहसील, पालिका व ब्लॉक का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जिलाधिकारी आलोक यादव ने रविवार को तहसील कैराना, उप निबंधक कार्यालय, नगर पालिका परिषद तथा खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तहसील मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसील कार्यालयों एवं तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर पुराने लंबित वादों की समीक्षा की और अधिकारियों को मामलों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा। उन्होंने लंबित वसूली कार्यों को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार कार्यालय में खतौनी अमलदरामद, एनपीएस से जुड़े कर्मचारियों और अभिलेखों की स्थिति की जानकारी ली गई। तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए डीएम ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कुछ शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर बातचीत भी की। आशुलिपिक कक्ष, डाक पंजिका, मालकान रजिस्टर तथा मत्स्य पालन पट्टों की भी समीक्षा की गई। लेखपालों के स्थानांतरण और कार्यक्षेत्र संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उप निबंधक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को कई अव्यवस्थाएं मिलीं। उप निबंधक के बिना सूचना मुख्यालय से बाहर होने, फाइलों के खराब रखरखाव, बैठने की अपर्याप्त व्यवस्था, कूलर में पानी न होने और शौचालय की खराब स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई।

### हेलो में डीएम शामली बोल रहा हूं.....

**कैराना।** आईजीआरएस शिकायतों की समीक्षा के दौरान उन्होंने मौके पर ही फरियादी को फोन कर कहा, ''हेलो, मैं डीएम शामली बोल रहा हूं... आपकी विद्युत विभाग से संबंधित शिकायत का निस्तारण हुआ या नहीं?'' इसके बाद शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता परखी गई। साथ ही फरियादियों के लिए रखे टूटे फर्नीचर बदलवाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति डीजे संचालन के मामले की जानकारी ली गई। रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में रेस्टोरेशन फाइलों के रखरखाव और अभिलेख व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। वहीं भू-अभिलेखागार में खेड़ा कुर्तान गांव के तालाब की वर्ष 2018 से 2026 तक किस्त जमा न होने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित को नोटिस जारी करने और बकाया वसूली के निर्देश दिए गए।

### 21 दिन बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने पर मांगा स्पष्टीकरण

**कैराना।** जन्म-मृत्यु कार्यालय में अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान 21 दिन से लंबित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने का मामला सामने आया। इस पर डीएम ने संबंधित बाबू जहांगीर से स्पष्टीकरण तलब किया। साथ ही निरीक्षण में मिली कमियों को एक माह के भीतर दूर करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि अगली समीक्षा में सुधार नहीं मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

इस संबंध में उप निबंधक कैराना एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन शामली से स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद कैराना के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने शहर के नक्शे के माध्यम से पोखरों की जानकारी ली और जहां पोखर नहीं हैं, वहां प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कर विभाग, लेखा विभाग, रिकॉर्ड रूम, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। खंड विकास कार्यालय कैराना में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने ब्लॉक परिसर में वाटिका विकसित करने, समूहों के कार्यों का प्रस्तुतीकरण तैयार करने तथा जर्जर भवनों को हटाकर परिसर के विकास के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

इसके अलावा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कैराना की पेयजल पुनर्गठन योजना का निरीक्षण कर निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करने के निर्देश दिए।





निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी शिवाजी यादव, तहसीलदार अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार सतीश कुमार, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्षा ने कार्यालय का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में उस समय हड़कंप मच गया जब नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा राव ने कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्षा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डीजल बचाओ और ऊर्जा संरक्षण अभियान का हवाला देते हुए नगर पंचायत में बे वजह चल रहे जनरेटर और एसी पर नाराजगी जताई।उन्होंने लिपिक संजय कुमार को साफ निर्देश दिए कि सबसे पहले नगर पंचायत में लगे इनवर्टर और बैट्रो का पावर सिस्टम का उपयोग किया जाए उसके बाद ही आवश्यकता पड़ने पर जनरेटर चलाया जाए।

अध्यक्षा ने कहा कि इससे डीजल की खपत कम होगी और नगर पंचायत के खर्च में भी बचत होगी।निरीक्षण के दौरान अध्यक्षा ने कंप्यूटर कक्ष सहित कई विभागों का जायजा लिया। इसी बीच सभासदो कक्ष में बीड़ी गुटखे के निशान देखकर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही मौजूद लिपिक संजय कुमार को निर्देश दिए कि अतिरिक्त एसी तुरंत बंद कराया जाए और कार्यालय परिसर में किसी भी कर्मचारी या व्यक्ति को बीड़ी पीने व गुटखा खाने की अनुमति न दी जाए।अध्यक्षा ने कहा कि जब नगर पंचायत कार्यालय ही साफ-सुथरा नहीं रहेगा तो जनता में गलत संदेश जाएगा और स्वच्छता अभियान पर भी सवाल उठेंगे।वहीं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि अभी तक उन्हें निरीक्षण से संबंधित कोई लिखित पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। जैसे ही निर्देश प्राप्त होंगे उनका पूरी तरह पालन कराया जाएगा और अनावश्यक एसी सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि जिलाधिकारी शामली आलोक यादव का नगर पंचायत थानाभवन कार्यालय पर आने का कार्यक्रम है जिसकी वजह से अध्यक्षा ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया है।

## आदर्श मंडी थाने की साइबर टीम द्वारा साइबर अपराधों की दी गयी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को आदर्श मंडी थाने की साइबर टीम द्वारा गांव मुंडेट कलां स्थित जय जवान जय किसान इंटर कालेज में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस टीम ने कालेज के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया।

टीम ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन फॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनजान लिंक, क्यूआर कोड व एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचना चाहिए, इनाम, लाटरी या तुरंत कार्रवाई वाले मैसेज से सतर्क रहें, स्क्रीन शेयरिंग ऐप का उपयोग केवल विश्वसनीय स्थिति में ही करें, बैंक, पुलिस, सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करने वालों से सावधान रहें, अपने मोबाइल, लैपटॉप में नियमित रूप से सिक्योरिटी अपडेट एवं एंटी वायरस का उपयोग करें, सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स समय-समय पर जांचें, डिजिटल पेमेंट करते समय प्राप्तकर्ता का नाम व विवरण अवश्य सत्यापित करें। किसी भी तरह का साइबर फ्रॉड होने की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## पेट्रोल, डीजल को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रांतीय आहवान पर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल एवं गैस के बढ़ते दामों के विरोध में शहर के शिव चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला के निर्देशानुसार जिला एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी सुबह शिव चौक पर एकत्र हुए। इसके बाद कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सुभाषजी की प्रतिमा पर पहुंचे, जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और किसान-मजदूर परेशान हैं, जबकि सरकार अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने में लगी हुई है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं और सहकारी समितियों में रिक्त पदों को डीएम की निगरानी में पारदर्शिता के साथ भरा जाना चाहिए। सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष प्रदीप कश्यप ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। वहीं मुनेश देवी ने कहा कि अन्नदाता किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा केवल जुमला साबित हुआ है। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान, लोकेश कोहली, बीरपाल कुड़ाना, रामलाल कश्यप, सुमित कौशिक, सनी गुप्ता, प्रमोद कश्यप, फरमान अंसारी मौजूद रहे।

## दूध और लस्सी पीने से हुई फूड पॉइजनिंग से पांच माह की मासूम समेत 8 लोग बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर में सोमबार सुवह को उस समय हड़कंप मच गया जब रात्रि मे घर की गाय का दूध पिया और सुवह उसी दूध से बनी लस्सी पीने के बाद एक ही परिवार की मासूम सहित 8 सदस्यों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उल्टियां चक्कर और बेचौनी की शिकायत के बाद परिवार के लोगों को आनन-फानन में थानाभवन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है।पीड़ित उमर ने बताया कि रात को गाय का दूध पिया था और सुबह उसी दूध से बनी घर



बालो ने लस्सी पी जिसके कुछ देर बाद ही घर के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को तेज उल्टियां और चक्कर आने लगे। परिवार के सदस्यों की हालत बिगड़ती देख आसपास के लोगों और रिश्तेदारों में अफरा-तफरी मच गई।बताया गया कि इसी दौरान उमर की बहन अपने मायके परिवार का हालचाल जानने पहुंची। घर में रखा वही दूध उसने अपनी छोटी बच्ची को पिला दिया जिसके बाद बच्ची की भी तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद गांव में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।बीमार होने वालों में मुस्तफा (60) वर्ष, उमर (25) वर्ष, फरान (02) वर्ष , फरीन (05) माह, आलिया (02)वर्ष , दरक्षा (23)वर्ष, जाहिदा (50)वर्ष, और गुलअफशा (24) वर्ष, सभी का थानाभवन निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में निजी चिकित्सा डॉ इमरान ने फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है।एक साथ पूरे परिवार के बीमार होने की घटना से गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

## पारा पहुंचा 41 डिग्री के पार, जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सोमवार को सुबह से ही भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिला। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजे तक ही तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। तेज धूप और आसमान से बरस रही आग के कारण दोपहर में सडके और चौराहे वीरान नजर आये।

सोमवार को दोपहर होते-होते गर्मी का असर और अधिक बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज धूप और



उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर के समय शहर के मुख्य बाजारों, बस स्टैंड और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ नजर आई। गर्मी से बचने के लिए लोग छाते, गमछे और पानी की बोतलों का सहारा लेते दिखाई दिए। वहीं शीतल पेय, जूस और आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और राहगीरों पर देखने को मिला। तेज धूप के कारण कई लोग छांव की तलाश करते नजर आए। चिकित्सकों ने भी लोगों को दोपहर के समय जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलने तथा अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में लोगों को लू और गर्मी से बचाव के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## भास्कर में त्रैमासिक योग शिविर हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ की ओर से आयोजित त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। शिविर का आयोजन संस्थान के निदेशक प्रवेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन तथा महेंद्र कुमार पाठक, दिनेश मिश्रा और शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। योगाचार्य नीता रानी ने पूरे प्रशिक्षण शिविर का संचालन कराया। समापन समारोह की अध्यक्षता हाजी नसीम कुरैशी एडवोकेट ने की। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाला प्राचीन विज्ञान है। योग तनाव को कम करने, लचीलापन बढ़ाने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नौशाद अली ने कहा कि नियमित योगासन से शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं और शारीरिक संतुलन में सुधार आता है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए योग को आवश्यक बताया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार, चंद्र नमस्कार, प्रज्ञायोग एवं योगिक जीवन शैली से जुड़े विभिन्न अभ्यास कराए गए। वहीं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर एमएफ कुरैशी ने प्रतिभागियों को योग को अपनी जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य नीता रानी ने किया। समापन अवसर पर विद्यालय परिवार आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 8630354443, 9897943340

कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

## बड़े बकायादारों को लेकर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बैंक ऋण लेकर भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। तहसील मुख्यालय परिसर में विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायादारों की सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा की गई है, जिन्होंने ऋण लेने के बाद अब तक भुगतान नहीं किया है।

सूची लगाए जाने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।बताया जा रहा है कि सूची में उन लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, जिन्होंने विभिन्न राष्ट्रीयकृत और सहकारी बैंकों से ऋण लिया था, लेकिन निर्धारित समयावधि के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं कराई। लगातार




नोटिस और बैंक स्तर पर कार्रवाई के बावजूद भुगतान नहीं होने पर प्रशासनिक स्तर पर यह कदम उठाया गया है।तहसील परिसर में लगाए गए नोटिस बोर्ड और सूचनाओं के माध्यम से बकायादारों की जानकारी सार्वजनिक की गई है, ताकि संबंधित लोग जल्द बकाया जमा करें। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि सार्वजनिक सूचना जारी होने के बाद डिफॉल्टरों पर भुगतान का दबाव बनेगा और राजस्व वसूली में तेजी आएगी। सूत्रों के अनुसार कई मामलों में बैंकों द्वारा पहले ही आरसी जारी कर तहसील प्रशासन को वसूली की कार्रवाई के लिए पत्र भेजे जा चुके हैं।

इसके बाद तहसील प्रशासन ने बकायादारों की सूची तैयार कर परिसर में प्रदर्शित कर दी है। वहीं, अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि बकाया जमा नहीं करने वाले ऋण धारकों के खिलाफ आगे राजस्व वसूली, कुर्की अथवा अन्य विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है। तहसील परिसर में सूची लगाए जाने के बाद कई लोग जानकारी लेने के लिए पहुंचते दिखाई दिए।

## इंडियन बुलियन ज्वैलर्स ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन शामली इकाई के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी आलोक यादव को ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों एवं कारीगरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की।

सोमवार को दिए ज्ञापन में मांग की गई कि जीएसटी विभाग द्वारा टर्नओवर कम होने की स्थिति में व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस जारी न किए जाएं तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न किया जाए। इसके अलावा आयकर विभाग द्वारा व्यापार में कम लाभ होने पर व्यापारियों का किसी भी प्रकार से शोषण न किए जाने की



मांग उठाई गई। एसोसिएशन ने सरकार से बैंकों के लिए नोटिफिकेशन जारी करने की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी व्यापारी की सीसी लिमिट या करंट लिमिट में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसकी लिमिट कम न की जाए, बल्कि व्यापारियों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। ज्ञापन में छोटे कारीगरों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार से मांग की गई कि उन्हें अपनी जीविका चलाने एवं रोजगार स्थापित करने के लिए पांच वर्ष तक का ब्याज मुक्त ;ण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण बेहतर तरीके से कर सकें। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि उनके सुझावों को प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंचाने की कृपा की जाए। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुमार सिंघल, रवि संगल, वैभव प्रकाश गोयल आदि मौजूद रहे।

# जिंदगी को दांव पर लगा रहे मासूम, विभाग मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में शिक्षा हासिल करने के लिए निकले ग्रामीण मासूम बच्चों की जिंदगी रोजाना दांव पर लगाई जा रही है। सड़क पर देखने में आया एक हैरान कर देने वाला दृश्य जो प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोलता नजर आ रहा है जहां स्कूल की छुट्टी के बाद दर्जनों नाबालिग बच्चे एक थ्री-व्हीलर में भरे हुए दिखाई दिए जबकि दो बच्चे वाहन के पीछे लटक कर अपनी जान जोखिम में डाल कर सफर करते नजर आ रहे है।दोपहर के समय सड़क पर गुजर रहे लोगों की नजर जैसे ही इस खतरनाक दृश्य पर पड़ी तो हर कोई दंग रह गया। एक ओर सरकार और प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हैं वहीं दूसरी ओर स्कूल वाहनों और अवैध तरीके से चल रहे थ्री-व्हीलरों में बच्चों को भूसे की तरह भरकर ढोया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व परिवहन अधिकारी रोहित राजपूत द्वारा स्कूल वाहनों की जांच कर मानक पूरे न करने बाले वाहनों पर कार्रवाई की गई थी तथा स्कूल प्रबंधनों को भी सख्त चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद सड़क पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर कार्रवाई के बाद भी हालात क्यों नहीं बदल



रहे है।चार से पांच सवारियों के लिए बने थ्री-व्हीलरों में दस-दस और बारह-बारह बच्चों को बैठाकर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। हालत यह है कि कई बच्चे पीछे लटककर सफर करने को मजबूर हैं। जरा सी चूक या अचानक ब्रेक लगने पर कोई बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन जिम्मेदार विभाग अपनी आंखें मूंदे बैठा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब हेलमेट, सीट बेल्ट और छोटे-छोटे नियमों को लेकर आम जनता के चालान काटे जा सकते हैं तो फिर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले इन वाहन चालकों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही जिसको लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। आखिर पुलिस और परिवहन विभाग की नजर इन ओवरलोड वाहनों पर अभी तक नजर क्यों नहीं पड़ी। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल समय के दौरान विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करे।

## गौकशी का वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला पुलिस ने मौहल्ला खैल में गौकशी व पुलिस मुठभेड की घटना में वांछित पांच हजार के ईनामी गौकश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। मुख्य आरोपित सहित दो आरोपितों को पुलिस पहले ही मुठभेड में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, अन्य की तलाश की जा रही है। 15 मई को पुलिस ने घटना में वांछित नदीम पुत्र खलील को भी गिरफ्तार कर लिया था। नावेद पुत्र खलील को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

## एक नजर

### युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**शामली।** गढीपुख्ता के मौहल्ला पीरजादगान निवासी आजम पुत्र फुरकान ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गत दिवस वह अपने घेर में पशुओं का चारा डाल रहा था, इसी दौरान नवाज पुत्र वकील ने उसे फोन कर गाली गलौच शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि जब वह अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में नवाज, अयान पुत्र वकील और नौशाद पुत्र जहूरा ने अपने घर के पास उसे घेर लिया और उस पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया। उसने किसी तरह जान बचाकर अपनी जान बचाई। शोर शराबा होने पर आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीडित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नवाज व अयान पुत्रगण वकील व नौशाद पुत्र जहूरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मिशन शक्ति अभियान में किया जागरूक

थानाभवन। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थानाभवन पुलिस टीम द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल विनीता महिला कांस्टेबल मोनिका द्वारा लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज में पहुंचकर छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य दंड से अधिक न्याय व्यवस्था को मजबूत करना तथा महिलाओं को अधिक सुरक्षा और अधिकार प्रदान करना है।इस दौरान टीम द्वारा साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी बाल अपराध एवं महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं ने पुलिस टीम से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया।

### फॉल्ट ठीक करने गए बिजलीकर्मी पर हमला

कैराना। बिजली लाइन का फॉल्ट ठीक करने गए एक बिजली कर्मी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने रास्ता रोककर बिजली कर्मी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने थाना कैराना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा कैराना निवासी मुबारिक पुत्र मुल्की ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मई की रात करीब 10 बजे वह अपने साथी फरमान के साथ पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास बिजली लाइन में आए फॉल्ट को ठीक करने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद शिव कुमार पुत्र भोपाल, दिनेश पुत्र पूरन, मोनू पुत्र झालू निवासी दरबार कला और उनके अन्य साथियों ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली। पीड़ित का आरोप है कि सभी आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में उसे गंभीर चोटें आईं, जबकि उसका मोबाइल फोन भी टूट गया। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### 20 पाउच शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** एसपी के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गढीपुख्ता पुलिस ओदरी-भैंसवाल मार्ग पर चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया, पुलिस ने जब युवक को रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 20 पाउच देशी शराब के बरामद हुए। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम भंवरसिंह पुत्र भूरा सिंह निवासी गांव जंधेडी बताया।

### बस संचालकों ने आश्वासन पर हड़ताल समाप्त

**शामली।** देर रात शहर के प्राईवेट बस संचालकों द्वारा की गई हडताल को एआरटीओ, सीओ सिटी व ट्रेफिक इंस्पेक्टर के आश्वासन के बाद समाप्त कर दी गई। एआरटीओ ने कैराना मार्ग पर अवैध रूप से चलने वाले टैंपों चालकों के भारी मात्रा में चालान काटे और निर्धारित रूट पर न चलने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

## कैराना पुलिस ने घर में हुई चोरी का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना कैराना पुलिस ने घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान और चोरी का सामान बेचकर प्राप्त नकदी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार 13 मई की रात ग्राम मलकपुर निवासी शकील पुत्र हाशिम के घर में चोरी की घटना हुई थी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना कैराना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस ने सोमवार को आरोपी शमसाद पुत्र इनाम निवासी ग्राम गन्दराऊ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक जोड़ी पायजेब, एक चांदी की अंगूठी तथा चोरी का सामान बेचकर प्राप्त पांच हजार रुपये की नगदी बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान, हेड कांस्टेबल बबलू कुमार और कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे।

## जिला चिकित्सालय में नई लैब का हुआ संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में सोमवार से नई पैथोलॉजी लैब का संचालन शुरू हो गया। लैब शुरू होने के पहले ही दिन जांच कराने पहुंचे मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। नई लैब शुरू होने से अब मरीजों को कई महत्वपूर्ण जांचों की सुविधा जिला अस्पताल में ही उपलब्ध हो सकेगी।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार पहले क्षेत्र के गांव जसाला में संचालित लैब में होने वाली जांचों का कार्य अब जिला अस्पताल में किया जाएगा। इससे हेपेटाइटिस बी एवं सी जैसी गंभीर बीमारियों की जांच भी अस्पताल में ही संभव हो सकेगी। पहले इन जांचों की रिपोर्ट आने में करीब 10



दिन का समय लग जाता था, लेकिन अब रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराई जा सकेगी। नई पैथोलॉजी लैब में सीबीसी, एलएफटी, लिपिड प्रोफाइल, केएफटी तथा ब्लड ग्रुपिंग जैसी विभिन्न जांचों की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। इससे मरीजों को बाहर की निजी लैबों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उन्हें समय व धन दोनों की बचत होगी। अस्पताल के सीएमएस डा. किशोर आहुजा ने बताया कि पहले पैथोलॉजी लैब एक कमरे में अस्थायी रूप से संचालित की जा रही थी, लेकिन अब अस्पताल परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई लैब तैयार कर ली गई है, जिसे सोमवार से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक यादव नई लैब का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। नई लैब शुरू होने से मरीजों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि अब उन्हें जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर रिपोर्ट मिलने से इलाज में भी सुविधा होगी।

## ट्रांसफार्मर में राबी के कारण साढ़े सात घंटे बिजली गुल रहने से लोगो को हुई असुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आसमान से बरस रही आग और ऊपर से बिजली कटौती ने लोगों को पसीना पसीन किया हुआ है। बिजलीघर में ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण करीब साढ़े सात घंटे बिजली गुल रही। तपती गर्मी में लोगों को पानी की बूंद-बूंद को तरसना पड़ा। सहारनपुर मुजफ्फरनगर स्थित बिजलीघर में ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के कारण बिजली करीब आठ घंटे तक गुल रही। जिससे शहर की आधी आबादी को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। सोमवार की सुबह 10 बजे गुल हुई बिजली शाम साढ़े पांच बजे सुचारु हुई। उसमें भी बीच बीच में कट लगते रहे। तपती गर्मी में बिजली गुल रहने से जहां औद्योगिक धंधे बंद रहे। वहीं, मोहल्ला सराय मालियान, काहरान, गद्दीवाड़ा, खानकाह, बेरुन कोटला, किला, दारुल उलूम वक्फ क्षेत्र, माविया कॉलोनी, पठानपुरा समेत आधी आबादी में लोगों को पानी की बूंद-बूंद को तरसना पड़ा। लोग घरों से दूर सड़क पर लगे हेंडपप से पानी भरकर लाएं। विद्युत निगम अधिकारियों का कहना है लोड पड़ने के कारण ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आई थी। जिसे शाम के समय ठीक कर आपूर्ति को चालू कर दिया।

### यह महीना पुरुषोत्तम मास है, इसमें की गई भक्ति का फल कई गुणा अधिक मिलता है: तिवारी

**देवबन्द।** श्री गीता भवन में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का सोमवार को शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व नगर में परिक्रमा की गई। प्रथम दिन कथा व्यास आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने बताया कि यह महीना पुरुषोत्तम मास है, इसमें की गई भक्ति का फल कई गुणा अधिक मिलता है।

विधि विधान के साथ श्रीमद भागवत को व्यास पीठ पर विराजमान कराया गया। इसके बाद आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने कहा कि पुरुषोत्तम मास (मलमास) का महीना धार्मिक दृष्टिकोण से भगवान श्री विष्णु को समर्पित है। पौराणिक कथा के अनुसार इस अतिरिक्त महीने का कोई स्वामी, ग्रह या देवता नहीं था जिससे इसे मलमास कहा जाने लगा और इसमें कोई शुभ कार्य नहीं होते थे। दुखी होकर यह महीना भगवान विष्णु की शरण में गया। तब श्री हरि ने इसे अपना सबसे उत्तम नाम पुरूषोत्तम दिया। कथा के यजमान राजेश गर्ग रहे जबकि प्रसाद वितरण विजय मित्तल ने किया। प्रवीण गर्ग, राजेश इंजीनियर, प्रदीप सिंघल आदि समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## भारतीय संस्कृति अनेकता में एकता की प्रतीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप के पांचवें दिन छात्रों को सांस्कृतिक सराहना, श्रवण कौशल का विकास, स्थानीय नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एचएवी इंटर कॉलेज प्रांगण में शिविर प्रभारी शिवनंदन ने छात्रों को बताया कि भारतीय संस्कृति अनेकता में एकता की प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को सांप्रदायिक, धार्मिक व राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने उन स्वतंत्रता सैनानियों की गाथाओं का वर्णन किया जिन्होंने भारत माता की रक्षा, सम्मान और स्वाभिमान के लिए



अपने प्राणों की आहूति दी। इस दौरान भारत की महान विभूतियों के बारे में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढकर भाग लिया। प्रधानाचार्य हेम सिंह समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। उधर, गांव रणखंडी स्थित ठाकुर फूल सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में वीडियो के माध्यम से छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डा. अमरदीप सिंह, उपप्रधानाचार्य सुभाष, प्रदीप अवस्थी, मयंक त्यागी शामिल रहे।

## अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

**शामली।** स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ ने मंगलवार तक लंबित मांगों का समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन कार्यबंदी धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। सोमवार को महासंघ के पदाधिकारियों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।जानकारी के अनुसार सोमवार को स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष अमित तंवर सहित अन्य पदाधिकारियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि यूनियन कई सालों से अपनी मांगों को लेकर प्रार्थना पत्र दे रही है लेकिन आज तक भी समस्याओं के समाधान पर कोई विचार नहीं किया गया। 16 मई को संपूर्ण समाधान दिवस में भी डीएम को प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं के समाधान की मांग की गयी थी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंगलवार तक उनकी समस्याओं का समाधान न किया गया तो यूनियन अनिश्चितकालीन कार्यबंदी धरना प्रदर्शन करने पर विवश हो जाएगी। इस अवसर पर विनोद निर्वाल, राजन पाहीवाल, मन्नू, योगेश पाहीवाल, अनुज चावला, जितेन्द्र चंद्रा, मनीष गहलोत, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार बिडला, प्रवीण कुमार, अश्वनी तंवर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम SHAHISTA PARVEEN से बदलकर KHUSHNASEEB रख लिया है। भविष्य में मुझे KHUSHNASEEB W/O MOHD IKHWAN के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता H-No- 221, Sanpla Bakkal, 247554 DIST-SAHARANPUR U.P.

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को सूचित किया जाता है कि असल विक्रय पत्र दिनांक 25-07-2008 इकरारी श्रीमति मीना भटनागर बहक सविता शर्मा बही नम्बर 1 जिल्द 1316 पेज 509-538 दस्तावेज नम्बर 4355 दिनांक 25-07-2008 सब रजिस्टार सहारनपुर मे पंजीकृत है, खो गया है। श्रीमति पूजा रानी पत्नी अमित कुमार उक्त बैनामा में अंकित प्लाट का उत्तरी भाग रकबई 75 वर्ग गज खसरा नम्बर 1605, 1606, 1610 शेखपुरा कदीम अनमोल विहार कालोनी की मालिक है। वह बैंक से ऋण ले रही है। किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर सूचित करे।

**शाखा प्रबन्धक**
पंजाब नैशनल बैंक, शाखा लाखनौर, सहारनपुर।

## धूमधाम से मनाई गई महाराजा भगीरथ जयंती



**देवबन्द।** विशाल सैनी समिति की ओर से महाराजा भगीरथ जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान महाराजा भगीरथ के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके पदचिंहों पर चलने का आह्वान किया गया।

मोहल्ला सैनी सराय स्थित बैंक्वेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी व सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य हरि सिंह सैनी की ओर से यज्ञ का अनुष्ठान किया गया। डॉ. महेंद्र सैनी ने महाराजा भगीरथ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी महिमा का गुणगान किया और सभी को उनसे शिक्षा लेकर समाज के लिए नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर समिति के नगर अध्यक्ष राजू सैनी, रामकला, राम मोहन सैनी, उमेश, मान सिंह, चंद्रपाल सैनी, कुलदीप सैनी, मांगेराम, संजय सैनी, धर्मवीर, मोनू, संदीप आदि शामिल रहे।

## भाविप का 11वां अधिष्ठापन समारोह हुआ आयोजित

**शामली।** भारत विकास परिषद की शामली महान शाखा का 11वां अधिष्ठापन समारोह दिल्ली रोड स्थित एक वेंकट हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष विकास शर्मा एडवोकेट टैक्स एवं उनकी नई टीम ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुराग दुबलिश, प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव, प्रांतीय वित्त सचिव प्रवीण गुप्ता, आशा जैन, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनीत संगल एवं मुख्य वक्ता आलोक भटनागर ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक मुकेश गर्ग एवं डॉ. राजीव बंसल ने संयुक्त रूप से किया। दायित्व बोध अधिकारी एवं प्रांतीय महासचिव मुकेश चंद्र गुप्ता ने वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष विकास शर्मा एडवोकेट टैक्स, सचिव विकास शर्मा एडवोकेट, वित्त सचिव पियूष बंसल, महिला सहभागिता अंजू गुप्ता सहित नई कार्यकारिणी एवं नए सदस्यों परमेश तायल, डॉ. गौरव अग्रवाल मौजूद रहे।

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

वाद संख्या-1379/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0- सी202409000001379
**धारा 24(4), उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।**

सुनील कुमार आदि **बनाम** राजबीर आदि

**नोटिस बनाम**

विपक्षीगण सं0- 1. राजबीर पुत्र खजान, 2.पहल सिंह, 3. हातम सिंह, 4.जयचन्द पुत्रगण राजाराम, 5.बबलू 6.प्रवीन पुत्रगण महावीर, 7.सुमित्रा पत्नी स्व0 महावीर, 8.मेनपाल पुत्र मनीराम, 9. अशोक पुत्र बाबू, 10.सुन्दर, 11.सोनू पुत्रगण मदनपाल, 12.श्रीमती फूलकुमारी पत्नी मदन पाल, 13.धनपाल, 14. नन्द पाल पुत्रगण स्व0 लक्खी राम 15.बीर सिंह पुत्र राज सिंह, 16.श्याम कली पत्नी राज सिंह, 17.समरपाल, 18. कंवरपाल, 19. नरेश पुत्रगण स्व0 निरंजन सिंह 20.कमला देवी पत्नी स्व0 निरंजन सिंह समस्त निवासीगण ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 21. ग्राम सभा शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान, 22. सरकार उ0प्र0 द्वारा कलक्टर मु0 नगर।

प्रस्तुत अपील, सुनील कुमार पुत्र स्व0 श्री आनन्द प्रकाश मूल निवासी ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार हाल निवासी सुमित्रा भवन मौ0 शिवनगर तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 2. अनिल कुमार पुत्र स्व0 श्री आनन्द प्रकाश निवासी ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर जनपद मुजफ्फरनगर के वाद संख्या-RST/1897/2024, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या-टी202409550101897, सुनील बनाम राजवीर आदि अन्तर्गत धारा 24, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में पारित आदेश दिनांक 29.07.2024 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 25.05.2026 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 25.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हो। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।
दिनांक:- 08.05.2026

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

वाद संख्या-1380/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-सी202409000001380
**धारा 24(4), उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, ग्राम झबरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।**

सुनील कुमार **बनाम** शिमला देवी आदि

**नोटिस बनाम**

विपक्षीगण सं0- 1. शिमला देवी पत्नी स्व0 विरेन्द्र कुमार, 2. रजनी देवी पत्नी ओमदत शर्मा, 3. कमलेश पत्नी कालूराम शर्मा समस्त निवासीगण ग्राम बामनौली हाल निवासी धुम्मनपुरी मजरा खेडकी तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर, 4. वेदपाल पुत्र काला निवासी ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 5. प्रवेश कुमार पुत्र किरत सिंह निवासी ग्राम झबरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 6. ग्राम सभा ग्राम झबरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान, 7. सरकार उ0प्र0 द्वारा कलक्टर मु0 नगर।

प्रस्तुत अपील, सुनील कुमार पुत्र स्व0 श्री आनन्द प्रकाश मूल निवासी ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार हाल निवासी सुमित्रा भवन मौ0 शिवनगर तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर जनपद मुजफ्फरनगर के वाद संख्या-RST/1899/2024, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या-टी202409550101899, सुनील बनाम अन्तर्गत धारा 24, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में पारित आदेश दिनांक 29.07.2024 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 25.05.2026 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 25.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।
दिनांक:- 08.05.2026

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

वाद संख्या-1377/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 सी202409000001377
धारा 24(4), उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।

सुनील कुमार **बनाम** पिरथी आदि

**नोटिस बनाम**

विपक्षीगण सं0- 1. पिरथी पुत्र लालू, 2.मेमता पत्नी स्व0 कालूराम, 3. सुनील ग्रामोद्ध्योग सस्थान द्वारा प्रबन्धक सुनील पुत्र बाबू सिंह, 4. सुनील कुमार पुत्र बाबू सिंह, 5.आशू, 6.हरिओम पुत्रगण स्व0 धर्मपाल 7. ममता पत्नी स्व0 धर्मपाल 8.मैनपाल, 9. प्रदीप, 10.सेठपाल, 11. सतीश, 12. जल्पू पुत्रगण स्व0 चेल्ला, 13. रमेश, 14. मनीष, 15. राजकुमार, 16. ऋषिपाल पुत्रगण स्व0 बन्ना, 17. लिल्लू, 18. गोरधन 19. प्रेम पुत्रगण स्व0 सूण्डा समस्त निवासीगण ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 20.उपेन्द्र सिंह पुत्र देवराज सिंह निवासी ग्राम नारसन खुर्द तहसील रूडकी जिला हरिद्वार, 21. शिमला देवी पत्नी स्व0 विरेन्द्र कुमार, 22.रजनी देवी पत्नी ओमदत शर्मा, 23. कमलैश पत्नी कालूराम शर्मा समस्त निवासीगण ग्राम बामनौली हाल निवासी धुम्मनपुरी मजरा खेडकी तहसील सदर जिला मु0नगर, 24. ग्राम सभा शेरपुर परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान, 25.सरकार उ0प्र0 द्वारा कलक्टर मु0 नगर।

प्रस्तुत अपील, सुनील कुमार पुत्र स्व0 श्री आनन्द प्रकाश मूल निवासी ग्राम शेरपुर परगना पुरछपार हाल निवासी सुमित्रा भवन मौ0 शिवनगर तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर जनपद मुजफ्फरनगर के वाद संख्या-RST/1898/2024, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या-टी202409550101898, सुनील बनाम पिरथी आदि अन्तर्गत धारा 24, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में पारित आदेश दिनांक 29.07.2024 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 25.05.2026 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 25.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हो। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायगे।
दिनांक:- 08.05.2026

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

# सम्मेलन में पहुंचे अविनाश पाण्डेय व अजय राय का स्वागत

## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में सरफराज खान, मसूद अखतर, रईस मलिक, इसरार प्रमुख हुए कांग्रेस में शामिल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय व प्रदेशाध्यक्ष अजय राय का भव्य स्वागत किया गया। वह सम्मेलन में जुटी भारी भीड को देखकर गदगद हुए।

मुजफ्फरनगर रोड स्थित रॉयल पैलेस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मंत्री सरफराज खान, पूर्व विधायक मसूद अखतर, बसपा से रईस मलिक, पूर्व चेयरमैन इरशाद चौधरी, इसरार प्रमुख, सपा से प्रदीप फौजी, राजपाल कर्णवाल, बसपा से नीटू सैक्टर 35, पार्षद डॉ मंसूर, पार्षद मेनपाल, पार्षद जावेद अली, इमरान प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य अफजल, पूर्व सपा युवा जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने सोनिया, प्रियंका व राहुल गांधी में आस्था जताते हुए कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की।

मंच पर राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय व प्रदेशाध्यक्ष अजय राय को जिला उपाध्यक्ष पार्षद चन्द्रजीत सिंह निक्कू ने सरोपा तथा पूर्व चेयरमैन विवेक. कांत सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव तन सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा भेंट की।

# जनगणना के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** जनगणना 2027 को पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड मुजफ्फराबाद के ब्लॉक सभागार में एक दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ब्लॉक विकास अधिकारी योगेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण सत्र में ब्लॉक के समस्त ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, तकनीकी सहायक और रोजगार सेवकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य प्रशिक्षक ललित कुमार, ग्रीशचंद यादव और क्रमजीत सिंह ने जनगणना की चरणबद्ध प्रक्रिया, फॉर्म भरने की विधि और विभिन्न तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। बीडीओ योगेंद्र चौधरी ने कहा कि भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्ययोजना है, जो ग्राम, वार्ड और शहर स्तर के विकास का एकमात्र आधिकारिक स्रोत बनती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में एडीओ ओमवीर सिंह, एडीओ प्रमोद कुमार, प्रवीन कुमार, प्रवीन शर्मा, अभिषेक डोभाल, प्रदीप काम्बोज, कमल राणा, राजीव सैनी, संजय काम्बोज, राजीव कुमार बेगपाल, अजय कुमार, प्रदीप कुमार, धर्मपाल सिंह, संदीप कुमार और शुभम ने सक्रिय सहयोग दिया। इनके अलावा ब्लॉक के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक, पंचायत सहायक व रोजगार सेवक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## चार वारंटी पकड़े

**नकुड़।** पुलिस ने फरार चल रहे चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि अभियान के तहत नकुड़ पुलिस ने लगातार दबिश एवं चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें चार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार अभियुक्तों में गन्नू पुत्र जतन सिंह निवासी ग्राम बिड़वी, हिमांशु पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्राम रतेवाला दयालपुर, रंजन पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम बढ़ेडी तथा सुधीर पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम सहसपुर शामिल हैं। थानाध्यक्ष के अनुसार सभी आरोपी अलग अलग मामलों में न्यायालय से जारी वारंटों में वांछित चल रहे थे तथा काफी समय से गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहे थे।

# जानलेवा हमले के विरोध में फूंका पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** रुद्र गौरक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोना पंडित पर हुए जानलेवा हमले और सोशल मीडिया पर मिल रही धमकियों के मामले में पुलिसिया कार्रवाई न होने से गौरक्षकों में भारी आक्रोश है।

जूनियर भगत सिंह के नाम से प्रसिद्ध गौरक्षक विजयकांत चौहान ने छुटमलपुर के मनक. मेश्वर मंदिर में प्रेस वार्ता कर प्रशासन को सीधे चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो ज्योति किरण चौक पर उग्र आंदोलन और प्रदेश स्तरीय हिन्दू महापंचायत का आयोजन होगा। विजयकांत चौहान ने बताया कि करीब एक महीना पहले सोना पंडित पर कार से साजिशन टक्कर मारकर जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें उनके कंधे में फ्रैक्चर आया था।

प्रेस वार्ता के बाद कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर गौतस्करों का पुतला फूंका और जलती आग पर हाथ रखकर गांव-गांव में शहल्ला बोल अभियानश चलाने का संकल्प लिया। इस दौरान राजन पंडित, शुभम सैनी, रविंद्र कोरी सहित भारी संख्या में गौरक्षा दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनगणना में पूरा सहयोग करें: मुफ्ती उस्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** आगामी जनगणना को लेकर जमीयत उलेमा ए हिन्द के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेते हुए जनजागरूकता पर जोर दिया। बैठक में लोगों से अपील की गई कि जनगणना अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के सही एवं तथ्यात्मक उत्तर दिए जाएं, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंच सके।

देर शाम को नगर के मौहल्ला बंजारान स्तिथ मरकज में हुई बैठक को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा-ए-हिंद के तहसील अध्यक्ष मुफ्ती उस्मान कासमी एवं नगर अध्यक्ष इरफान निजामी ने कहा कि जनगणना देश के विकास एवं योजनाओं की आधारशिला होती है। इसमें प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बेहद अहम होती है। एडवोकेट अफ्फान अंसारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का कार्य नहीं, बल्कि देश के विकास की दिशा तय करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए हर नागरिक को पूरी जिम्मेदारी के साथ सही जानकारी देनी चाहिए। वहीं एडवोकेट शाहवेज राव, दानिश मिर्जा ने कहा कि जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र की पहचान होता है। इसलिए सभी लोगों को जनगणना कर्मचारियों का पूरा सहयोग करना चाहिए। राशिद निजामी ने कहा कि जनगणना से ही सरकार को समाज की वास्तविक स्थिति का पता चलता है, इसलिए सभी लोग इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर इस प्रक्रिया में भाग लें। बैठक में मुफ्ती जुनैद मजा. हिरी, मौलाना अनीस कासमी, मौलाना अब्दुर्रहमान कासमी, नोशाद, हाजी कलीम निजामी, वाजिद खान, कारी इस्लाम रशीदी, नसीम निजामी, पत्रकार नदीम निजामी मौजूद रहे।

# विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में विद्युत वितरण खंड कार्यालय में अधीक्षण अभियंता रविंद्र कुमार बाबू के निर्देशन में शिविर लगाया गया जिस में विद्युत उपभोक्ताओं की बिलों, मीटर तथा नए कनेक्शन आदि की समस्याओं का निस्तारण कराया गया।

अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार तोमर ने शिविर में आए विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करते हुए स्मार्ट मीटर के प्रीपेड मोड को पोस्टपेड में कनवर्ट करने की जानकारी दी गई साथ ही साथ जिन उपभोक्ताओं के बिल खराब थे उनको सही कराकर बिलों की राशि को जमा कराई गई। शिविर लगभग एक दर्जन स्मार्टमीटर के प्रीपेड मोदकों पोस्टपेड मे कनवर्ट किए गए। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा गया कि अत्याधिक गर्मी का ध्यान रखते हुए घर के समस्त उपकरण एक साथ ना चलाए। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाने की भी अपील की गई।शिविर मे एसडीओ बेहट बृज मोहन सिंह, लिपिक ललित, शशि कुमार, विनय पांडेय, पवन कुमार, हिमांशु, रामकुमार, विनय कुमार तिवारी, रामकुमार, संजय राणा, प्रदीप भार्गव, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# 180 मरीजों की निःशुल्क जांच

**गंगोह।** रोटरी क्लब गंगोह द्वारा रविवार को मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान चिकित्सकों ने 180 मरीजों की चांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया।

कालेज मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में आयोजित कैंप का आयोजन एकजुट होकर अच्छा करें के अंर्तगत किया गया। दिल्ली से पधारे वरिष्ठ गैस्ट्रो एंटरोलाजिस्ट डा. डी के सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में कुल 180 मरीजों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं। लिवर जांच अत्याधुनिक मशीन द्वारा बिना दर्द, बिना सुई के की गई। यह जांच फैटी लिवर, हेपेटाइटिस, लिवर फाइब्रोसिस व सिरोसिस जैसी गंभीर

बीमारियों का शुरुआती चरण में ही पता लगाने में सहायक है। विशेष रक्त जांच में 60 व्यक्तियों' के रक्त के सैंपल लिए गए। बताया गया कि 8 महत्वपूर्ण जांचें उपलब्ध कराई गई, जिससे स्वस्थ शरीर, सुरक्षित परिवार के लक्ष्य को बल मिला। रोटरी क्लब गंगोह के अध्यक्ष विकास सिंघल व सचिव सचिन गर्ग ने कहा सेवा ही हमारा परम कर्तव्य है। इसी संदेश के साथ यह शिविर लगाया गया। बताया कि आज की व्यस्त जीवन शैली के कारण लीवर की बीमा. रियां तेजी से बढ़ रही है, महंगी जांच आम आदमी की पहुंच से दूर होती है।

# व्यापारियों ने थानेदार को बताई समस्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश एकता व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली प्रभारी से भेंट कर स्वागत किया तथा व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रवि कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी उम्मेद कुमार से मुलाकात की।बुके एवं पटका पहना कर स्वागत किया गया।डॉ रवि कुमार ने थाना प्रभारी को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया।इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार ने सभी की बातें ध्यान पूर्वक सुनी और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि सभी व्यापारियों की समस्या सुनी जाएगी और हर बात का समाधान किया जाएगा। व्यापारी चाहे छोटा हो या बड़ा हो हमारे लिए सब बराबर हैं।

इस दौरान धर्मेंद्र तोमर, संदीप कुमार, संजय गुप्ता, अमित गोयल, सुधीर सैनी, अंकित जैन, विपुल जैन,अनवर अली,नीरज सिंघल,सोनू कुमार, मनोज शर्मा, अनंगपाल, पलविंदर सरदार, सुमित सरदार, सुधीर कुमार सैनी, विनोद धीमान सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## फब्तियां कसने वाला युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं पर फब्तियां करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत के नेतृत्व में मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बे के मुख्य बाजार में गस्त कर रही थी तभी उन्हें शिकायत मिली कि एक युवक कस्बे में आती-जाती महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियां भरता है एंटी रोमियो टीम ने उसका पीछा किया। पकड़े गए युवक से जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम इरशाद पुत्र दिलशाद निवासी मोहल्ला सड़क पार थाना बेहट बताया।

# टॉपर छात्र-छात्राओं को बैग वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज में टॉपर छात्र छात्राओं को बैग वितरित किए गए। जिला स्तर पर पाँचवाँ स्थान प्राप्त करने वाले विज्ञान वर्ग के छात्र को 1100 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक योगेश गर्ग, उपप्रबंधक मुकेश गुप्ता, अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, डॉ. राकेश गर्ग, प्रधानाचार्य विजय कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। रोटरी क्लब अध्यक्ष विकास सिंघल व सचिव सचिन गर्ग द्वारा मां के चरणों में पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर रोटरी क्लब गंगोह द्वारा टॉपर छात्र-छात्राओं को बैग वित. रित किए गए। इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला स्तर पर पाँचवाँ स्थान प्राप्त करने वाले विज्ञान वर्ग के छात्र विशान्ग को डॉ. विनीत अग्रवाल व डॉ. सुनीता अग्रवाल द्वारा 1100 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। चिकित्सक डॉ. मनोज जैन, डॉ. एस.आर. सैनी, अमित गर्ग, डॉ. नरेंद्र पाल, डॉ. निर्मल जैन, डॉ. सुनीता अग्रवाल व डॉ. वीणा सैनी सहित अन्य वक्ताओं ने छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, मानसिक तनाव एवं डिप्रेशन से बचाव के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित व पौष्टिक भोजन लेने, नियमित दिनचर्या अपनाने, मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बचने तथा सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संचालन गगन गर्ग ने किया।

इस मौके पर के.के. वर्मा, सचिन वर्मा, विनय कुमार, मयंक कुमार, रूबी बिंदल, वरिष्ठ लिपिक अनुपम गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।

❑**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शांति भंग के मामले में दो महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानक. री के अनुसार जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन के निर्देश पर अपराधों को नियंत्रित करने एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# विद्युत विभाग के खिलाफ किसानों की नारेबाजी

**गंगोह।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेतृत्व में किसानों ने गंगोह द्वितीय बिजलीघर पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमित बिजली आपूर्ति की मांग उठाई। करीब पांच घंटे तक चले धरने और प्रदर्शन के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

ब्लॉक अध्यक्ष महबूब चौधरी ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से गांवों और खेतों में केवल दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है। पर्याप्त बिजली न मिलने से खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और धान व गन्ने की फसलें सूखने लगी हैं। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट भी गहरा गया है और पशुओं के लिए पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। किसानों ने बताया कि गांव लखनौती और आलमपुर कृषि फीडर से जुड़े हैं, जबकि चमनपुरा और दौलतपुर घरेलू फीडर से संचालित होते हैं। इन सभी क्षेत्रों को गंगोह द्वितीय बिजलीघर से आपूर्ति मिलती है। किसानों का कहना है कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और विभाग समय पर फॉल्ट तक ठीक नहीं कर पा रहा। धरने के दौरान ब्लाक अध्यक्ष व अन्य किसानों ने आरोप लगाया कि इतने बड़े क्षेत्र में केवल एक लाइनमैन तैनात है। ऐसे में कहीं भी फॉल्ट होने पर घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। किसानों ने कहा कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा सीधे किसानों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि आलमपुर फीडर पर अलग लाइनमैन की नियुक्ति करने और प्रतिदिन सुबह पांच बजे से लगातार दस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अलावा सिकंदरपुर और सलारपुर बिजलीघरों की लाइनों को अलग करने की मांग भी उठाई गई, ताकि बार-बार होने वाले फॉल्ट से राहत मिल सके। विहीं एसडीओ द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। धरना प्रदर्शन करने वालों में प्रमोद चौधरी, कुर्बान चौधरी, दिलशाद शाह, लोकेंद्र प्रधान, पिंटू सैनी, विपिन सैनी, इरफान, संदीप मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम PRAVEJ HAIDER S/o JAHIR HUSAN से बदलकर प्रवेज हेदर (PRAVEZ HEDAR) पुत्र जहीर हसन (ZAHEER HASSAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**प्रवेज हेदर पुत्र जहीर हसन, गांव हुसैनपुर, गंगोह (सहारनपुर)।**

# 10 में से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एसडीएम मानवेन्द्र सिंह ने नियत समय से कार्यालय में बैठकर उनके पास हर वाले वाले फरियादी की गंभीरता से बात सुनी गई उनको दिए गए प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही के लिए संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया।।

शिकायत लेकर आने वाले लोगों के प्रति उनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है कि उनके पास उम्मीद से आने वाले व्यक्ति का जल्द ही तरीके से निस्तारण कराया जाए उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जो भी संबंधित विभाग कि शिकायत है उस का शीघ्र ही निस्तरण कराया जाएं। आज भूमि पैमाईश, कब्जा हटवाए जाने, पेंशन, पुलिस विभाग आदी से 10 शिकायत आई जिस में से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। उन्होंने अधीनस्थों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी शिकायत आई है उसका मौके पर जाकर समय पर निस्तारण करते हुए रिपोर्ट भी दे। इस दौरान एसडीएम (न्यायिक) अंकुर वर्मा तहसीलदार विजय कुमार स्टेनो रजत कुमार त्यागी, पेशकर राजेंद्र कुमार, मनीष कुमार, नाथीराम आदि मौजूद कर्मचारी, मोजूद रहे।

# शोभित यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन मुथूट माइक्रोफीन द्वारा बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर जैसे पदों के लिए किया गया। यह प्रक्रिया बीसीए, बीबीए, बी.कॉम, एमबीए, बीएससी(एग्री) के छात्रों के लिए आयोजित की गई।

कैंपस प्लेसमेंट की शुरुआत यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल के कोर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार ने कुलपति प्रो. डॉ. बी. एस. सिद्धू व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुए की। भर्ती प्रक्रिया का संचालन कंपनी की तरफ से अंकित गुप्ता व एचआर टीम ने छात्रों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार के द्वारा किया। जिसमे 21 छात्रों को चयनित किया गया। कुलपति, कुलसचिव, सीनियर डायरेक्टर देवेंद्र नारायण व प्रो.घ डॉ. रणजीत सिंह ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजकों व सभी छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस आयोजन में प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. नितिन कुमार, डॉ. शिवानी, अनिल जोशी, सचिन कुमार, विकल, पवन, अंकुर आदि मौजूद रहे।

# मेले में बच्चों को किया सीखने को प्रेरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम रावणपुर खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय में रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्री-प्राइमरी बच्चों को विभिन्न गतिविधियों एवं कौशल आधारित शिक्षण के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान संगीता रानी द्वारा फीता काटकर किया गया। मेले में बच्चों को भाषा विकास, शारी. रिक विकास, बौद्धिक विकास, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास तथा गणित की पूर्व तैयारी से संबंधित गति. विधियों के माध्यम से शिक्षित करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर बरथाकायस्थ की सुप. रवाइजर मधु अरोड़ा, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सैनी, अध्यापक प्रवीण कुमार, बबीता, आंगनवाड़ी कार्यकत्री रीता, बबीता एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# चेन्नई ने हैदराबाद को 181 रन का टारगेट दिया

## तेज शुरूआत के बाद लड़खडाए चेन्नई सुपरकिंग्स के शेर, हैदराबाद के गेंदबाजों ने की कसी हुई गेंदबाजी

■ ब्रेविस ने 44 रन बनाए, कमिंस को 3 और साकिब को 2 विकेट



**चेपाक, वार्ता।** आईपीएल सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 181 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई ने चेपाक में टॉस जीतकर 20 ओवर में 7 विकेट पर 181 रन बनाए। चेन्नई की शुरुआत शानदार रही, संजू सैमसन ने सिर्फ 13 गेंदों में 27 रन ठोक दिए।

इसके बाद कार्तिक शर्मा ने 19 गेंदों पर 32 रन की तेज पारी खेली, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंदों में 44 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में शिवम दूबे ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में पैट कमिंस सबसे सफल रहे। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 28 रन देकर 3 बड़े विकेट झटके। साकिब हुसैन ने 2 विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और प्रफुल हिंगे को 1-1 सफलता मिली। ईशान मलिंगा ने डेथ ओवर्स में हैदराबाद को बड़ी सफलता दिलाई। शानदार लय में दिख रहे डेवाल्ड ब्रेविस 27 गेंदों में 44 रन बनाकर बोल्ड हो गए। मलिंगा की लेंथ गेंद पिच से तेजी के साथ अंदर आई। ब्रेविस ने उसे लेग साइड में खेलने की को. शिश की, लेकिन गेंद की रफ्तार से चकमा खा गए और स्टंप्स बिखर गए। ब्रेविस ने 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से तेज पारी खेली, हालांकि वह अपने अर्धशतक से चूक गए। कमिंस ने अपने स्पेल का शानदार अंत किया। आखिरी ओवर में कुछ रन जरूर गए, लेकिन उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 बड़े विकेट हासिल किए। 12वें ओवर में कमिंस ने गायकवाड का बड़ा विकेट हासिल कर लिया। कमिंस की शार्ट गेंद पर गायकवाड पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और हवा में चली गई। ईशान मलिंगा ने आसान कैच पूरा किया। गायकवाड 21 गेंदों में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में कमिंस ने एक बार फिर बड़ा विकेट निकालकर हैदराबाद को मैच में मजबूत वापसी दिलाई। कार्तिक शर्मा 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हो गए। कमिंस ने 117 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धीमी बैक-आफ-लेंथ गेंद डाली। कार्तिक ने ऑफ साइड पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद में पर्याप्त गति नहीं थी। उनका शाट सीधे डीप कवर पर खड़े नीतीश रेढी के हाथों में गया, जिन्होंने दाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। कमिंस का मैच में यह दूसरा विकेट रहा। चेन्नई ने 8 ओवर के बाद 79/2 का स्कोर बना लिया है। कार्तिक शर्मा ने प्रफुल हिंगे के ओवर में कार्तिक ने 16 रन बटोर लिए।

# कामी ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई करके रिकॉर्ड तोड़ा



**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के जाने-माने पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई कर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने के अपने विश्व रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। नेपाल के पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 55 साल के कामी रीता स्थानीय समयानुसार सुबह 10:12 बजे 8,848-86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। विभाग ने कहा कि कोमोलांगमा आधार शिविर में डिपार्टमेंट के फील्ड ऑफिस से मिली जानकारी के आधार पर, यह चढ़ाई 14 पीक्स एक्सपीडिशन के एक ग्रुप को लीड करते हुए पूरी की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके सबसे करीबी कॉम्पिटिटर पासंग दावा शेरपा हैं, जो माउंट कोमोलांगमा की चोटी पर 29 बार पहुंच चुके हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी और तब से वे दुनिया भर में पर्वतारोहण करने वाले सबसे मशहूर लोगों में से एक बन गए हैं।

# सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय

## राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए, यशस्वी ने टी-20 क्रिकेट में 4 हजार रन पूरे किए



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के 62वें मैच में राजस्थान रायल्स को 5 विकेट से हरा दिया। वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। वहीं, केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए। राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 44 छक्के लगा चुके हैं।

वे किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा का 42 छक्कों का रिकार्ड पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन तीसरी बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। आईपीएल इतिहास में एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब उनका नाम भी शामिल हो गया है। उनसे पहले शाहरुख खान ने 2023, सुनील नरेन 2025, देवदत्त पडीक्कल 2026 में ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में यह 8वीं बार रहा, जब वैभव ने अपनी पारी की शुरुआत सिक्स से की। राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 से ज्यादा रन पूरे किए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 500 रन वाले सीजन खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस मामले में सिर्फ विराट कोहली उनसे आगे हैं। राहुल ने लगातार तीसरे आईपीएल सीजन में 500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2024, 2025 और 2026 में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले राहुल 2018 से 2022 तक लगातार 5 सीजन 500 प्लस रन बना चुके हैं। दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान के खिलाफ एक और बड़ी पारी खेलते हुए आईपीएल में अपना 9वां 50 प्लस स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकार्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने आरआर के खिलाफ 8 बार 50प्लस स्कोर बनाए थे। राहुल ने यह उपलब्धि सिर्फ 19 पारियों में हासिल की। राहुल आईपीएल इतिहास में 50 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले सिर्फ पां. चवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में विराट कोहली सबसे आगे हैं, जिनके नाम 76 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं। राहुल और अभिोक पोरेल ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ 105 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह राजस्थान के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चौथी 100 प्लस रन की साझेदारी रही। राजस्थान रायल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए।

उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। वह सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। वह आईपीएल में आरआर के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले दूसरे दिल्ली तेज गेंदबाज बने। इससे पहले उमेश यादव ने 2013 में इसी मैदान पर 4/24 का स्पेल डाला था। राजस्थान रायल्स के कप्तान रियान पराग ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी रही। उन्होंने 13.2 ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### खेल विशेष

#### भारत मलेशिया मास्टर्स में 26 सदस्यीय टीम उतारेगा

**कुआलालंपुर, वार्ता।** पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने वाली 26 सदस्यों वाली भारतीय टीम में सबसे बड़े आकर्षण होंगे। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में कल से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स से पीवी सिंधु के हटने और पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाले डबल्स स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के नहीं खेलने के फैसले के साथ, भारत टूर्नामेंट में अधिकतर युवा टीम उतारेगा। पुरुषों के एकल में, लक्ष्य को आठवीं सीड दी गई है और मेन ड्रॉ में उनके साथ 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन एचएस प्रणय, किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली होंगे। एस शंकर मुथुसामी क्वालिफायर से शुरुआत करेंगे।

#### पहलवान महेंद्र पृथ्वीराज को हराकर 'हिंद केसरी' बने

**कोल्हापुर, सतारा, वार्ता।** महाराष्ट्र के पहलवान महेंद्र गायकवाड़ ने सतारा के छत्रपति शाहू स्टेडियम में हुई दो दिन की 52वीं हिंदी केसरी कुश्ती चैंपियनशिप में पृथ्वीराज मोहोल को हराकर मशहूर 'हिंद केसरी' का खिताब जीता। राजेश्वर प्रतिठान और तालीम संघ ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया। सतारा में पहली बार यह कुश्ती चैंपियनशिप खेली गई। 'हिंद केसरी' खिताब के लिए एक फाइनल कुश्ती मुकाबला कल देर रात 12 बजे के बाद हुआ, जिसमें बहुत कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें पृथ्वीराज मोहोल घायल हो गए और आगे खेलने से मना कर दिया। इसी आधार पर, रेफरी ने गायकवाड़ को हिंदी केसरी खिताब का विजेता घोषित किया। महिलाओं के ग्रुप में, काजल दोचक (हरियाणा) ने खुशी दलाल (दिल्ली) को पॉइंट्स के आधार पर हराकर 'महिला हिंदी केसरी' का खिताब जीता।

#### उ. कोरिया ने रिकॉर्ड पांचवां एएफसी अंडर17 एशियन कप खिताब जीता

**सूजौ, वार्ता।** यू जोंग हयांग के चार गोल की मदद से उत्तर कोरिया ने जापान को 5-1 से हराकर एएफजी अंडर17 महिला एशियन कप का खिताब अपने नाम किया। यू ने रविवार को सूजौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 30वें मिनट में स्कोरिंग शुरू की, एक क्रॉस को चेस्ट करके गोल किया, जब एक टीममेट का शॉट स्कफ हो गया था। उन्होंने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद जापानी गोलकीपर के ऊपर से लॉब फिनिश करके बढ़त दोगुना कर दिया। जापान ने 53वें मिनट में युमी हयाशी के जरिए एक गोलकर वापसी का प्रयास किया किया, लेकिन यह स्थिति सिर्फ दो मिनट तक ही रही क्योंकि किम वोन सिम ने यू की मदद से उत्तर कोरिया की दो गोल की बढ़त वापस दिला दी।

# एमएस धोनी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे



**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) के रीजनल हब पहुंचे। यहां उन्होंने सब-मशीनगन चलाई और पिस्टल से निशाना लगाया। 44 साल के धोनी ने कमांडोज और उनके परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं न। इस पर जवानों ने कहा- पिछली बार से ज्यादा फिट लग रहे हैं। रविवार को धोनी ने कहा- जैसे-जैसे टाइम बढ़ता है, मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। वे 2023 में भी एनएसजी कैंप में शामिल हो चुके हैं।

धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वे चोटिल होने के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। आज चेन्नई में सीएसके के आखिरी मैच में उनके खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वे पैराशूट रेजीमेंट की 106 पैरा टेरिटोरियल आर्मी बटालियन का हिस्सा हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना के साथ दो हफ्ते की ट्रेनिंग भी की। बाद में उनका बूट पालिश करते हुए फोटो भी सामने आया था। चेन्नई को आज सनराइजर्स हैदराबाद के साथ चेपक स्टेडियम में खेलना है। उम्मीद लगाई जा रही है कि धोनी इसमें खेल सकते हैं।

# भुवनेश्वर ने पर्पल कैप बढ़त मजबूत की

■ कोहली, राहुल ऑरेंज कैप तालिका में आगे बढ़े



**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रॉयल चैलेंजर्स बनाम पंजाब किंग्स तथा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार खेले गए मुक. ाबलों के दौरान जहां भुवनेश्वर कुमार ने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटक कर पर्पल कैप तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।

वहीं ऑरेंज कैप सूची में विराट कोहली और केएल राहुल भी आगे बढ़े है। भुवनेश्वर कुमार का पंजाब किंग्स के खिलाफ भी विकेट लेने का सिलसिला जारी रहा है और उन्होंने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य एवं प्रभसिमरन सिंह को पहले एवं तीसरे ओवर में ही आउट कर दिया। उन्होंने 38 रन देकर दो विकेट लिए। जहां उनकी इस सीजन इकॉनमी 7-70 है तो वहीं इस मैच में उन्होंने 9-50 की इकॉनमी से रन खर्च किए। इन दो विकेटों के साथ उनके इस सीजन 24 विकेट हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर मौजूद कगिसो रबाडा से तीन अधिक हैं। इसके अलावा वह चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से पांच विकेट आगे हैं। शाम वाले मैच में जोफ्रा आर्चर ने 35 रन देकर दो विकेट लिए और बेहतरीन वापसी की। आर्चर 17 विकेट के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। चार अन्य गेंदबाजो के नाम 16 विकेट हैं। ऑरेंज कैप सूची में आरसीबी के विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली और कूपर कॉनली ने भी 22 गेंदों में 37 रन बनाए।

दोनों ने बल्लेबाजों पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोहली के इस सीजन 542 रन हो चुके हैं और वह शीर्ष दो पर मौजूद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) के करीब आ गए हैं। कॉनली के अब 473 रन हैं और वह आठवें स्थान पर हैं। दिन के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराया जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और केएल राहुल ने 42 गेंदों में 56 रन बनाए। इस पारी के साथ ही राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाइनरिक क्लासन को पांचवें स्थान पर धकेल दिया और खुद 533 रनों के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। 486 रनों के साथ सूर्यवंशी छठे स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड के एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब



**पेन्सिलवेनिया, वार्ता।** इंग्लैंड के एरॉन राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस पीजीए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा खिताब है। वह एक सदी से ज्यादा समय में वानामेकर ट्रॉफी जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी है। और एक दशक में जीतने वाले पहले गैर-अमेरिकी है।

पिछले चार दिनों में जिस कोर्स सेट-अप ने कई लोगों के दिमाग को उलझाया हुआ था, उस पर 31 साल के राय ने रविवार के आखिरी राउंड में साफ और शांत होकर खेला। वॉल्वरहैम्प्टन में जन्मे राय ने खुद को लीड में लाने के बाद, एक जादुई पल ने यह पक्का कर दिया कि वे गोल्फ की दुनिया में हमेशा याद किए जाएंगे। 17वें ग्रीन पर 69 फुट का पुट लगाकर - जो पूरे हफ्ते का दूसरा सबसे लंबा पुट था, जीत लगभग पक्की कर दी। इससे राय, जो कभी किसी मेजर में टॉप 10 में नहीं रहे थे, को शानदार फाइव-अंडर-पार 65 का स्कोर बनाने और कुल मिलाकर नौ अंडर पर रहने में मदद मिली। यह स्पेन के दो बार के मेजर चैंपियन जॉन रहम और अनजान अमेरिकी एलेक्स स्माले - जो रातों-रात लीडर बने थे, से तीन शॉट आगे रहने के लिए काफी था, जो संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। राय ने कहा, यह बहुत अजीब है, जिन्हें इस साल गर्दन की चोट के कारण कई बार अभ्यास करने में दिक्कत हुई है। यह एक निराशाजनक सीजन रहा है, इसलिए यहां खड़ा होना मेरी सोच से भी परे है। रहम और स्माले के पीछे, अमेरिका के दो बार के चैंपियन जस्टिन थॉमस, स्वीडन के लुडविग एबर्ग और कम जाने-माने जर्मन मैथियास शिमड के बीच पांच अंडर पर तीन-तरफा टाई था। पूर्व वर्ल्ड नंबर एक थॉमस ने पांच-अंडर 65 के बाद शुरुआती टारगेट पोस्ट किया था, फिर क्लब हाउस में बैठकर सब्र से इंतजार किया, और जीतने के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद की।

हवा वैसी तेज नहीं हुई जैसी थॉमस ने उम्मीद की थी। फिर भी, पेन्सिलवेनिया की धूप में बहुत ज्यादा ढलान वाले ग्रीन्स मजबूत थे और मोटी रफ लगातार पेनल्टी वाली थी, इसलिए स्कोरिंग के मौके कम ही रहे। पूरे हफ्ते ऐसा लगा कि जो स्ट्रेटेजिक सोचेगा वही जीतेगा, और राय, जो टूर पर अपनी मेहनत के लिए जाने जाते हैं, ने ध्यान से जीत का रास्ता बनाया। टी से अपनी बॉल को फेयरवे पर रखना एक असरदार टैक्टिक साबित हुई।

# महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

■ कहा: युजवेंद्र को एक अच्छे दोस्त की जरूरत थी, मैं दोस्ती अच्छे से निभाती हूं

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर आरजे महवश ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्शन दिया। महवश ने कहा कि उनके और चहल के बीच सिर्फ दोस्ती थी। हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफालो किया था, जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गईं। इस पर महवश ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कहा, श्लोगों का यह है ना कि चीजों को बहुत बड़ा बना देते हैं।

इतनी कोई बड़ी बात नहीं होती, जब आप खुद उस चीज से गुजर रहे होते हो। दोस्तों में बहस हो गई, अनफालो हो गया और बात खत्म। इसमें इतनी बड़ी बात है ही नहीं। उन्होंने कहा कि जिन दोस्तों के साथ आपने छोटी-छोटी बातों पर हंसते हुए वक्त बिताया हो, उनके लिए दिल में बैर नहीं रखना चाहिए।

मैं हमेशा उन्हें आल द बेस्ट विश करूंगी और मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ रहेंगी। साल 2025 में चहल और धनश्री के तलाक के बाद चहल और महवश को कई बार साथ देखा गया, जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चा होने लगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी और चहल की दोस्ती से बढ़कर भी कुछ था, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। महवश ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं था। मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं। उस समय उन्हें एक अच्छे दोस्त की बहुत जरूरत थी।' महवश ने चहल के मेंटल स्ट्रगल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि उन्होंने अपने पाडकास्ट में बताया था कि उनके मन में सुसाइडल थाट्स आ रहे थे। उस समय हम सब कोशिश कर रहे थे कि किसी तरह उनका आईपीएल सीजन अच्छे से निकल जाए। हम सबने मिलकर उनका जितना साथ दे सकते थे, दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि मेरे लिए बस इतना था कि अपने दोस्त के साथ खड़े रहना है। हम ऐसे वक्त में उनके साथ थे। महवश ने यह भी साफ किया कि अगर आगे उनकी और चहल की मुलाकात होगी, तो सब पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हम वैसे ही मिलेंगे जैसे हमेशा मिलते थे।

# टोल यूनिवर्सिटी बन चुका सहारनपुरः इमरान

## एमएलसी शाहनवाज खान का स्थानीय जनता की समस्याओं को लेकर कोलकी टोल प्लाजा पर धरना शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** जिले में टोल प्लाजाओं पर आम लोगों की जेबों पर पड रहे आर्थिक बोझ के विरोध में सांसद इमरान मसूद और एमएलसी शाहनवाज कोलकी टोल प्लाजा पर ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे। उन्होंने टोल व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की।

कोलकी टोल पर एमएलसी शाहनवाज खान स्थानीय जनता की समस्याओं को लेकर कोलकी टोल प्लाजा पर धरने पर बैठे गए। जहां धरने पर पहुंचे कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि सहारनपुर अब टोल यूनिवर्सिटी बन चुका है। यहां घर से निकलते ही आम आदमी टोल की लूट का शिकार हो जाता है। गणेशपुर, छूटमलपुर, कोलकी, देवबंद और सरसावा सहित कई स्थानों पर बने टोल प्लाजाओं की वजह से आम जनता बेहद परेशान है। रोजाना सफर करने वाले लोगों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जबकि स्थानीय निवासियों को भी किसी प्रकार की राहत नहीं मिल पा रही। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह जनता के हित में है और कांग्रेस पार्टी लगातार आम लोगों की आवाज उठाती रहेगी। सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्ग के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि नियमानुसार 65 किलोमीटर के दायरे में एक ही टोल प्लाजा होना चाहिए, लेकिन सहारनपुर में इस नियम की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि टोल व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कर जनता पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ को तुरंत खत्म किया जाए।

एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि वह लगातार तीन दिन धरने पर बैठे रहेंगे और यदि प्रशासन और सरकार जनता की मांग को पूरा नहीं करती है तो वह अन्न त्याग कर भूख हडताल शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के साथ खडे है और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक वह आंदोलन में डटे रहेंगे। उन्होंने कहा कि टोल वसूली के कारण रोजाना सफर करने वाले लोगों पर आर्थिक बोझ पड रहा है। और इस टोल से स्थानीय निवासियों को कोई राहत नहीं मिल रही है।धरने पर पूर्व विधायक मसूद अख्तर, ब्लाक प्रमुख इमरान, इसरार प्रमुख, शाहनवाज शानू, शाहनवाज चांद, शहजाद मसूद, यूसुफ प्रधान, मेहरबान प्रधान, अशरफ खजूरी, निसार, कालू हसन, परवेज खान, महमूद अली समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय में किया लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट का शुभारम्भ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) का शुभारम्भ किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि नवजात शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए इसको ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बच्चे को जीवन की स्वस्थ शुरुआत सुनिश्चित करने के लिये लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की गयी है। इसके तहत समय से पूर्व जन्में, कम वनज वाले तथा बीमार बच्चों के लिये प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को और मजबूती मिलेगी। उन्होने कहा कि माँ का दूध नवजात शिशु के लिए सबसे उत्तम और सुरक्षित पोषण हैं। यह बच्चों को संक्रमणों से बचाने तथा उन्हें शीघ्र स्वस्थ्य होने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि यह लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट माताओं को उचित परामर्श, स्तनपान में सहयोग एवं दूध को सुरक्षित रुप से संग्रहित करने की सुविधा तथा भर्ती नवजात शिशुओं को सही तरीके से दूध पिलाने संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेगी। उन्होने कहा कि इस यूनिट में नवजात शिशुओं कि एसएनसीयू या एमएलयू में भर्ती हैं, उसकी अपनी माँ का दूध संग्रहित किया जाता हैं। यह यूनिट नवजात शिशुओं के स्वस्थ होने और उनके जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

जिलाधिकारी ने उदघाटन के उपरान्त जिला महिला चिकित्सालय की एसएनसीयू, एमएनसीयू, मॉडलर ओटी एवं वार्ड इत्यादि का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट करते हुए प्रशंसा कर बधाई दी।

निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक डा. कुमुद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण, जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डा. रविप्रकाश एवं जिला महिला चिकित्सालय की अधीक्षिका डा. इन्द्रा सिंह, डा. संजय कुमार यादव, डा. मनदीप सिंह, डा. नवदीप गुप्ता, डा. आई. सी. गुप्ता, मात्रिका श्रीमती रेखा, एमएमयू इंचार्ज श्रीमती प्रतिभा एवं चिकित्सालय प्रबंधन श्रीमती ईशा उपस्थित रहीं।

### प्रस्तावों को मंजूरी

**गंगोह।** नगर पंचायत तीतरों में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभासदों द्वारा दिए गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। बैठक शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान विभिन्न विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सभासदों द्वारा दिए गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। बैठक शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

# राजकुमार भाटी माफी मांगेः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने एक कार्यक्रम के दौरान ये कहकर कि जाट पत्नियां कई कई पति रखती है, पूरे जाट समाज पर उंगली उठाई है। नारी जाति का अपमान किया है जो घोर निंदनीय है। राजकुमार भाटी अपने इस घिनौने बयान पर तुरंत सार्वजनिक रूप से तुरंत माफी मांगे।

चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि भाटी के इस ब्यान से जाट समाज में बहुत रोष फैल रहा है। और गुर्जर समाज की महिलाओं में भी बहुत रोष है। राजकुमार भाटी ने न केवल जाट समाज का अपमान किया है बल्कि गुर्जर समाज का भी अपमान ये कहकर किया है कि गुर्जर समाज की पत्नियां भी कई कई पति रखती है। ऐसी घृणित सोच वाले व्यक्ति पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को भी राजकुमार भाटी के इस घिनौने बयान को गंभीरता से लेना चाहिए।यदि भाटी ने माफी नहीं मांगी तो जाट समाज के लोग सड़कों पर आंदोलन करेंगे।

# रूही अंजुम व टिंकू अरोड़ा का आंदोलन को समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निजीकरण के विरोध में नगर निगम में सफाई कर्मचारी संगठनों द्वारा दिये जा रहे धरने पर सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा पहुंचे। उन्होने सफाई कर्मियों की मांगों का समर्थन किया।

धरने पर सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि सफाई कर्मियों का उत्पीडन किसी भी कीमत पर नही होने दिया जायेगा। पहले से ही रोजगार की कमी है ऐसे में रोजगार के नाम पर शोषण को बर्दाश्त नही किया जायेगा। वह पूरी तरह आंदोलनकारियों के साथ खडी है। टिंकू अरोड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हर वर्ग परेशान है अब सहारनपुर नगर में वाल्मीकि समाज के युवाओं की भर्ती को छीन कर निजी हाथों में दिया जा रहा है और एक बड़ी बंदरबांट करके निगम राजस्व को हानि पहुंचाई जा रही है 38 करोड़ रूपया महंगा ठेका करके निगम को सीधी राजस्व हानि पहुंचाई जा रही है जबकि हम 15 करोड़ से 18 करोड रुपए में के खर्च को भराकर युवाओं की भर्ती करके सफाई व्यवस्था को और सुचारू कर सकते हैं लेकिन बड़े-बड़े पूंजी पत्तियों की कंपनियों को निजीकरण करके गरीब और मजदूर के पेट पर लात मारी जा रही है जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करने दिया जाएगा। इस मौके पर शुभम वर्मा, जोगिंदर सिंह, लक्की जाटव, रवि यादव भी मौजूद रहे।

# एटीएम कार्ड बदलकर हजारों की नकदी उड़ाई

**चिलकाना।** नगर के बस स्टैंड स्थित एटीएम पर रूपये निकालने आये युवक को विश्वास में लेकर एटीएम कार्ड बदल खाते से साढ़े चौंतीस हजार रुपये उडाये। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी।

ग्राम पटनी निवासी तालिब पुत्र यामीन ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि वह रविवार को दोपहर के समय नगर के बस स्टैंड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम पर रूपये निकालने के लिए आया था। जहां पहले से ही खडे एक युवक ने कहा कि एटीएम से रूपयों की निकासी नहीं हो रही है। पीड़ित का कहना है कि जब एटीएम से रूपये निकालने की कोशिश की तो हकीकत में ही रूपयों की निकासी नहीं हुई।

जिस पर पहले से मौजूद आरोपी युवक ने एक बार ट्राई करके देखने के नाम पर पीड़ित का एटीएम कार्ड ले लिया ओर पीन कोड पूछा। इसी दौरान आरोपी ने पीड़ित का कार्ड बदल कर किसी कुलदीप सिंह सेख नामक व्यक्ति का कार्ड उसे दे दिया। पीड़ित का कहना है कि वह जल्दबाजी में उस समय तो अपने घर चला गया। कुछ देर बाद ही उसके भाई ने फोन पर नो बार खाते से ट्रांजेक्शन का मैसेज देखा।

पीड़ित के खाते से चौंतीस हजार पांच सो रूपये निकाल लिये गये थे। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर अज्ञात आरोपी का पता लगाकर उसके रूपये बरामद कर सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# चार नामित अफसर रहे नदारद, केवल मिले नगर मजिस्ट्रेट

## सर्किट हाउस रोड मामले में दो घंटे इंतजार करते रहे पीड़ित, अब पीड़ितों से मांगा एक सप्ताह का समय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्किट हाउस पर ध्वंस्त किये गये मकानों के मामले में जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के पांच सदस्यों में केवल नगर मजिस्ट्रेट ही पीडितों को उपलब्ध हो सके। हांलाकि नगर मजिस्ट्रेट के लिये भी पीडितों को दो घंटे इंतजार करना पडे। नगर मजिस्ट्रेट में पीडितों को एक सप्ताह का समय दिया है।

बता दे कि जिलाधिकारी ने पीडितों की सुनवाई के लिये नगर आयुक्त नगर निगम, उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण, नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अभियंता अपर खंड पूर्वी नहर, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को नामित अधिकारी नियुक्त किया था। जिसमें आज सुनवाई के लिये तिथि निर्धारित की गई थी। पीडित आज सुबह दस बजे कलैक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन उन्हें वहां कोई भी नामित अधिकारी नहीं मिला। करीब दो घंटे इंतजार करने के बाद एडवोकेट राजकुमार व सपा एससीएसटी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार प्रधान के साथ पीडित नगर मजिस्ट्रेट से मिले और अपने प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने यह भी कहा कि जिलाधिकारी द्वारा जो कमेटी बनाई गई है उसमें शामिल प्रस्तावित अभियुक्त है जिनसे न्याय मिलना न्यायोचित नहीं है। इसलिये इस कमेटी को निरस्त कर नई कमेटी बनाई जाये। फिलहाल पीडितों से एक सप्ताह का समय मांगा गया है।

इस अवसर पर शमशेर गौतम, नरेश कुमार, हंसराज, देशराज, जसपाल, करण सिंह गौतम, मदन सिंह, नरेंद्र, कंवरपाल, दिनेश, दिलीप सिंह, संजय कुमार, नरेश, रामकुमार, नाथीराम, चंद्रशेखर, जगन्नाथ, गुलाब सिंह, अरविंद चतरपाल, यशपाल, अशोक मलिक, करण सिंह, माया देवी, विनीता देवी, अनारकली, कलावती आदि समेत भारी संख्या में पीडित अपने प्रार्थना पत्रों के साथ मौजूद रहे।

# ईद उल अजहा को लेकर समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईद उल अजहा को लेकर आज जिलाधिकारी व एसएसपी ने जिम्मेदार लोगों के साथ समीक्षा बैठक की।

कलैक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक में पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों को ड्यूटी प्लान, पेट्रोलिंग, चेकिंग, तथा किसी भी अफवाह, भ्रामक सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद, समाजसेवी पं.जयनाथ शर्मा, महेंद्र तनेजा आदि मौजूद रहे।

# ब्राउनवुड टीम बनी खो-खो चैंपियन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंटर स्कूल डिस्ट्रिक्ट खो-खो चैंपियनशिप के बालिका वर्ग के अंडर 18 में ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की।

जीआरडी एकेडमी बिहारीगढ में आयोजित चैंपियनशिप में ब्राउनवुड स्कूल की टीम ने अपने पहले मुकाबले में ब्रेन डिस्कवरी स्कूल को 12-1 के बड़े अंतर से हराकर प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। इसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले में सिद्धार्थ स्कूल को 9-2 से पराजित कर टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला डीएवी स्कूल सोनिया विहार और ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में ब्राउनवुड स्कूल की टीम ने 3-2 से शानदार जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने खिलाड़ियों, कोच एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सफिया सुबूही तथा संयुक्त निदेशक सैयद अमीर हमजा ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

### सहयोग किया

**नकुड़।** समाजसेवी संस्था एफ आर सी टी इंडिया ने कन्या विवाह शगुन विवाह योजना में 2.61 का सहयोग कराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है ।

एफ आर सी टी इंडिया की संस्थापिका आशु कालियर, सह संस्थापक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि समाजसेवी संस्था एफ आर सी टी इंडिया का जन्म हुए अभी मात्र तीन माह ही हुए हैं , इतने अल्प समय में उनकी संस्था ने कन्या विवाह शगुन योजना के तहत दो सहयोग कराए गए हैं जिनमें अप्रैल माह के पहले सहयोग में 2.50लाख से अधिक व इस बार मई माह में हुए सहयोग में 2.61 लाख का शगुन दिया गया। इस अवसर पर आजाद सिंह सोनू, मुकेश जैन, संजय, विनय, नवीन कुमार, गोपाल कश्यप आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर सराहना की ।

# जनगणना के लिए निगम में की गई किट वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज नगर निगम में जनगणना -2027 के लिए पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को किट वितरित की गई। महानगर के तीनों जोन में 223 पर्यवेक्षक और 1383 प्रगणक जनगणना कार्य करेंगे। जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य किया जायेगा।

नगर निगम में किट प्राप्त करने के लिए आज सुबह से ही पर्यवेक्षक व प्रगणक जुटना शुरु हो गए थे। जोन एक के 81 पर्यवेक्षक और 505 प्रगणक, जोन दो के 73 पर्यवेक्षक व 446 प्रगणक तथा जोन तीन के 69 पर्यवेक्षक और 432 प्रगणकों को आज निगम बुलाया गया था। शाम तक जोन एक में 60 प्रतिशत व जोन दो में 65 प्रतिशत तथा जोन तीन में लगभग 70 प्रतिशत पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को किट वितरित की जा चुकी थी।

नगर जनगणना अधिकारी/अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वितरित की गयी किट में पर्यवेक्षकों को नीला तथा प्रगणकों को काला बैग दिया गया है। जनगणना-2027 लिखे बैग में पर्यवेक्षकों को उनका नियुक्ति पत्र, उनके आधीन जनगणना करने वाले प्रगणकों के नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी के अलावा एक सर्किल मैप भी दिया गया है। जिसमें प्रगणकों का जनगणना क्षेत्र (ब्लॉक) दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त डायरी, पैन, परिचय पत्र और कैप भी किट में दी गयी है। जबकि प्रगणकों को दी गयी किट में उनके पर्यवेक्षक का नाम व मोबाइल नंबर, उनके जनगणना क्षेत्र का मैप (ब्लॉक), डायरी, पैन, परिचय पत्र व कैप आदि दी गयी है। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की मेडिकल सुविधा के लिए नगर निगम की ओर से सीएमओ को पत्र भी भेजा गया है।

# सम्पादकीय

## परीक्षा में सुधार जरूरी

नीट पेपर लीक केस में सरकार एक्शन मोड में दिख रही है और वह इस मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारी कर रही है। लेकिन अगर लीक होने से पहले ही इसका पता चल जाता, तो बेहतर होता। क्योंकि विपक्ष सरकार पर हमलावर हो रहा है और कह रहा है कि सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दिया है। विपक्ष का यह आरोप सही भी है, क्योंकि आज के युवा ही कल के भारत के कर्णधार हैं। अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे। अगर ऐसा हुआ, तो सरकार अधिकारी कहां से लाएगी। इसलिए सरकार को इस बात पर गंभीर मंथन करना चाहिए और ऐसी नीति बनानी चाहिए कि पेपर लीक ही न हों। हालांकि सरकार ने सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी कर ली है और सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सरकार को अब और मजबूती के साथ प्रतियोगी परीक्षाएं करवानी होंगी। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली रोकने के लिए एन्क्रिप्टेड डिजिटल पेपर लागू करनी चाहिए, जिसमें परीक्षा से कुछ मिनट पहले ही केंद्र पर पासवर्ड के जरिए पेपर प्रिंट हों। इसके अलावा एआई आधारित सीसीटीवी मॉनिटरिंग और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन जैसे कदम बहुत जरूरी हैं। प्रश्न पत्रों को ब्लॉकचेन तकनीक और एन्क्रिप्शन के जरिए डिजिटल लॉक किया जाए। कंप्यूटर-बेस्ड टेस्टिंग मोड या हाइब्रिड मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, जिससे शारीरिक रूप से पेपर ले जाने की आवश्यकता न पड़े। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम के तहत सख्त सजा (10 साल तक की कैद और भारी जुर्माना) सुनिश्चित की जाए। पेपर ले जाने वाले सभी वाहनों की लाइव जीपीएस ट्रैकिंग हो और वे पुलिस सुरक्षा में रहें। डबल-लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग-रूम में पेपर रखे जाएं और सीसीटीवी कैमरों की सीधी निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से हो। बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट्स, आइरिस स्कैन (आँखों की स्कैनिंग) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस सीसीटीवी का उपयोग हो, ताकि सॉल्वर गैंग या मुन्ना भाई जैसे फर्जी उम्मीदवारों को पकड़ा जा सके। परीक्षा केंद्रों के आवंटन में लॉटरी सिस्टम अपनाया जाए और कोचिंग संस्थानों से जुड़े केंद्रों को बाहर रखा जाए। एक स्वतंत्र और केंद्रीय निगरानी संस्था का गठन किया जाए, जो परीक्षा के हर चरण (पेपर सेटिंग से लेकर रिजल्ट तक) की ऑडिट कर सके और परीक्षा प्रक्रिया में इंसानी दखल को कम से कम करके पूरी तरह से स्वचालित और केंद्रीकृत व्यवस्था बनाई जाए, ताकि ऐसी परीक्षाओं में सुधार हो सके। इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे, उनका भविष्य खराब होगा।

## तेल से लेकर महंगाई तक की बढ़ेगी मार

ईरान युद्ध की वजह से दुनिया में ऊर्जा संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। यह संकट एक नए और ज्यादा खतरनाक दौर में पहुंचता दिख रहा है। दुनिया के करीब 80 देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए इमरजेंसी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सबसे बड़ी चिंता होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है, जहां से तेल और गैस की सप्लाई अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है। फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में इसे लेकर चेतावनी दी है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर भारी उछाल आ सकता है।



फंड मैनेजमेंट कंपनी एबरडीन के मुख्य अर्थशास्त्री पाल डिगल ने कहा कि उनकी टीम ऐसे हालात पर नजर रख रही है, जिसमें ब्रेंट क्रूड आयल 180 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कई देशों में महंगाई तेजी से बढ़ेगी और मंदी का खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया फिलहाल उधार के समय पर चल रही है। गर्मी का मौसम शुरू होने के कारण एयर कंडीशनर का इस्तेमाल और हवाई यात्राएं बढ़ रही हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल और कच्चे तेल की मांग तेजी से बढ़ रही है। दूसरी तरफ दुनिया भर में तेल का भंडार रिकॉर्ड स्तर पर तेजी से घट रहा है। आस्ट्रेलिया ने ईंधन और खाद के भंडार बढ़ाने के लिए 10 अरब डॉलर खर्च करने का फैसला किया है। फ्रांस ने कहा है कि वह अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मदद का दायरा और बढ़ाएगा। वहीं भारत ने लोगों से अपील की है कि वे सोना कम खरीदें और विदेश यात्राओं से बचें, ताकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी आईईए के मुताबिक, मार्च के अंत तक 55 देशों ने इमरजेंसी कदम उठाए थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 76 हो गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आने वाले कुछ हफ्तों में युद्ध खत्म नहीं हुआ और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह नहीं खुला, तो दुनिया मंदी की तरफ जा सकती है। यूरोपीय संघ के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्तास ने भी कहा कि हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। आईईए के मुताबिक मार्च से जून के बीच दुनिया में तेल की खपत उत्पादन से करीब 60 लाख बैरल प्रतिदिन ज्यादा रही है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कमी 80 से 90 लाख बैरल प्रतिदिन तक हो सकती है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकारें और कंपनियां अपने पुराने तेल भंडार तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया के तेल भंडार में करीब 38 करोड़ बैरल की कमी आ चुकी है। सरकारें अपने इमरजेंसी रिजर्व से रोज 20 लाख बैरल से ज्यादा तेल बाजार में भेज रही हैं, लेकिन यह व्यवस्था जुलाई तक खत्म हो सकती है। अगर हालात और बिगड़े तो कई देशों में पेट्रोल-डीजल की राशनिंग शुरू हो सकती है। फैक्ट्रियां बंद हो सकती हैं और सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ सकता है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही है। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि मांग कम करने के लिए कीमतों का और ज्यादा बढ़ना पड़ सकता है। पाकिस्तान, श्रीलंका और फिलीपींस जैसे देशों में पहले से ईंधन संकट दिखने लगा है। इन देशों ने अस्थायी तौर पर चार दिन का वर्किंग वीक लागू किया है। सबसे ज्यादा असर पेट्रोकेमिकल और एविएशन सेक्टर पर पड़ रहा है। कई रिफाइनरी कंपनियां महंगा तेल खरीदने से बच रही हैं और पुराने स्टाक का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि युद्ध जल्द खत्म होगा। हालांकि कुछ अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में तेल की सप्लाई सुधर सकती है और कीमतें फिर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ सकती हैं। लेकिन अगर तेल 150 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर गया, तो दुनिया को भारी महंगाई, सप्लाई संकट और मंदी का सामना करना पड़ सकता है।

### पांच शर्तों की वजह से अमेरिका-ईरान में नहीं बन रही बात

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अभी भी कम नहीं हुआ है। युद्धविराम के बाद दोनों देश फिर से शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने एक-दूसरे के सामने सख्त शर्तें रख दी हैं। ईरान की फर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के सामने पांच बड़ी मांगें रखी हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने पास मौजूद 400 किलो हाई-एनरिच्ड यूरेनियम सौंप दे। अमेरिका का कहना है कि ईरान सिर्फ एक न्यूक्लियर फैसिलिटी चालू रखे और बाकी परमाणु गतिविधियों को सीमित करे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका युद्ध में हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। इसके अलावा अमेरिका ईरान की विदेशों में जमा पूरी रकम भी वापस करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका 25: से भी कम राशि जारी करना चाहता है। अमेरिका की एक और शर्त यह है कि बातचीत के दौरान क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां कम की जाएं और आगे की कार्रवाई बातचीत की प्रगति के हिसाब से तय हो। इसके जवाब में ईरान ने भी अपनी पांच शर्तें रख दी हैं। ईरान ने कहा है कि वह तभी बातचीत करेगा जब पूरे क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई बंद होगी। खासतौर पर लेबनान में चल रही सैन्य गतिविधियां खत्म करनी होंगी। ईरान ने अमेरिका से सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाने की मांग की है।

## श्रीमुख से...

### अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए



सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे, भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए, ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए, जनहित में बनाए गए कानूनों का अनुपालन सभी धर्मों के लोगों पर एक समान रूप से होना चाहिए,संविधान और कानून की मान-मर्यादा बनाए रखना जरूरी है।

**सुश्री मायावती, अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**

## केरलम: सतीशन ने वेणुगोपाल को पछाड़ा

केरलम के नए मुख्यमंत्री की रेस में सतीशन के अलावा वरिष्ठ नेता के। सी। वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला भी शामिल थे, लेकिन लगातार मंथन के बाद सतीशन के नाम पर मुहर लगी। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही सहयोगी दलों ने खुलकर सतीशन का समर्थन किया था। उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस (जोसेफ) जैसे सहयोगी दलों का भी समर्थन था। दोनों दल खुलकर सतीशन के समर्थन में थीं। मुख्यमंत्री की रेस में वेणुगोपाल को पीछे छोड़ने वाले सतीशन केरलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रख्यात वकील भी हैं। वकालत की दुनिया से सक्रिय राजनीति में आए सतीशन के बारे में कहा जाता है कि वह अपने कार्यकर्ताओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। वह जमीनी स्तर पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। वह एर्नाकुलम जिले की परावुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। साल 2001 में वह परावुर सीट से पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद से वह इस सीट पर लगातार अजेय बने रहे। सतीशन ने 2001 में पहली जीत हासिल करने के बाद 2006, 2011, और 2016 में भी जीत हासिल की। फिर 2021 के चुनाव में विजय हासिल करने हुए जीत का पंजा लगाया। 2026 में उन्होंने इस सीट पर अपनी छठी सीट पर जीत दर्ज कराई। शुरुआत में परावुर सीट नार्थ परावुर सीट हुआ करती थी। हालांकि वह स्कूली जीवन से ही छात्र राजनीति में आ गए थे और



लगातार सक्रिय रहे। वह MG यूनिवर्सिटी यूनियन के चेयरमैन रहे, जो कांग्रेस की युवा शाखा, केरल स्टूडेंट्स यूनियन का प्रतिनिधित्व करती है। बाद में वे कांग्रेस की राष्ट्रीय छात्र शाखा छैन के सचिव बने। वह मजदूर नेता भी रहे। वे कोचीन के औद्योगिक क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक श्रमिक संघों के अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस के अंदर उनकी सक्रियता भी लगातार बनी रही। सथीसन केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी सदस्य होने के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस विधायक दल के व्हिप भी रहे हैं। सतीशन को किताबों का भी शौक है। वह प्रकृति प्रेमी भी हैं और उन्हें ट्रेकिंग करना भी पसंद हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा नेटूर और पनांगड से पूरी की, जबकि आगे कालेज की पढ़ाई कोचीन और तिरुवनंतपुरम से पूरी की। भावी मुख्यमंत्री ने अपनी डिग्री स्तर की पढ़ाई एर्नाकुलम के थेवारा स्थित सेक्रेड हार्ट कालेज से हासिल की, फिर उन्होंने राजगिरी कालेज ऑफ सोशल साइंसेज से सोशल सर्विस में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया। इसके बाद वह तिरुवनंतपुरम आ गए और ला एकेडमी से स्स्ठ की डिग्री हासिल ली फिर यहीं पर गवर्नमेंट ला कालेज से स्स्ड भी पूरा किया। वे एक बेहतरीन वक्ता हैं और उन्होंने केरल विधानसभा में कई अहम मुद्दे उठाए हैं। चुनाव हलफनामे के अनुसार, एडवोकेट सतीशन के पास 6।7 करोड़ रुपये की संपत्ति है जबकि उन पर 41।5 लाख रुपये की देनदारी भी है। उन्होंने अपनी वार्षिक आय 2।8 लाख रुपये बताई है। हलफनामे के अनुसार उनके खिलाफ 18 लंबित आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 7 मामले गंभीर प्रकृति के हैं। केरल के मुख्यमंत्री के नाम को चुनने में देरी पर पीएम मोदी के बयानों पर कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने जवाब दिया है। चेन्निथला ने पीएम मोदी को याद दिलाया कि बीजेपी ने खुद दिल्ली में सीएम चुनने में 50 दिन लगाए थे। उन्होंने कांग्रेस को लोकतांत्रिक बताया और कहा कि बीजेपी में हाई कमान ही सभी फैसले लेता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पीएम मोदी को दिल्ली में अपनी ही पार्टी के में हुई देरी लीडरशिप चुनने के इतिहास को लेकर शायद याददाश्त चली गई है। केरल के मुख्यमंत्री के चुनने में हो रही देरी को लेकर पीएम के तंज का उन्होंने जवाब दिया। चेन्निथला ने कहा कि भाजपा ने खुद दिल्ली में अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को चुनने में 50 दिनों की देरी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पार्टी के कामकाज में एक पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करती है। कांग्रेस में किसी तरह की 'तानाशाही' व्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है। इसके विपरीत भाजपा में पीएम मोदी और अमित शाह ही पार्टी के सभी फैसले लेते हैं। चेन्निथला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद रखना चाहिए कि दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करने में उन्हें 50 दिन लगे थे। अब जाकर मुझे एहसास हुआ है कि पीएम मोदी की याददाश्त शायद कमजोर हो गई है।

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

## चीन यात्रा को लेकर खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं डोनाल्ड ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय चीन के दौरे को लेकर अब तक खुलकर नहीं बोल रहे हैं। ट्रम्प जब तीन दिन के चीन दौरे पर रवाना हो रहे थे, तब उनकी हालत देखकर चीन के लोगों को माओत्से तुंग की बात याद आ रही थी। बात सितम्बर 1958 की है। ताइवान पर कब्जा करने के लिए चीन ने हमला किया था और अमेरिका ने ताइवान की मदद के लिए अपनी नौसेना का बेड़ा साउथ चाइना सी में उतार दिया था।

उस वक्त माओत्से तुंग ने कहा था कि अगर अमेरिका ने अपनी आक्रामक और युद्धकारी नीतियां जारी रखीं, तो वो दिन दूर नहीं, पूरी दुनिया उसे सूली पर लटका देगी और अमेरिका के सहयोगियों का भी यही अंजाम होगा। दरअसल, चीन दौरे से पहले ट्रम्प का हाल कुछ ऐसा ही था। ईरान युद्ध में अमेरिका अकेला फंसा था। सहयोगी देशों ने पल्ला झाड़ लिया था और ऐसे में ट्रम्प को चीन की याद आई। तीन दिन तक ट्रम्प, उनकी कैबिनेट के तीन बड़े मंत्री और 30 अमेरिकी उद्योगपति बीजिंग में मीटिंग, चैटिंग और ईटिंग करते रहे। कैपिटल एयरपोर्ट पर उस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का विमान लैंड कर चुका था। चीन के प्रधानमंत्री चाउ एनलाई राष्ट्रपति निक्सन और फर्स्ट लेडी पैट्रिसिया निक्सन का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ग्लोबल डिप्लोमेसी के लिए वो ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े पूंजीवादी देश अमेरिका ने कम्युनिस्ट चीन के लिए अपने दरवाजे खोल दिए थे। राष्ट्रपति निक्सन का चीन दौरा सामान्य नहीं था। ये मजबूरी का दौरा था। अमेरिका 17 साल से वियतनाम युद्ध में फंसा हुआ था। राष्ट्रपति निक्सन वियतनाम युद्ध से बाहर निकलना चाहते थे और उन्हें अच्छी तरह मालूम था कि चीन की मदद के बिना वियतनाम युद्ध खत्म नहीं हो सकता। ये बात उन्होंने चीन की यात्रा पर जाने का ऐलान करने से पहले ही कबूल कर ली थी। राष्ट्रपति निक्सन को चीन से मदद चाहिए थी, इसलिए अमेरिका से चीन की उड़ान भरते समय वो पूरे रास्ते कूटनीतिक सौदे की लिस्ट बनाते रहे कि चीन को बदले



में क्या दिया जा सकता है? कम्युनिस्ट चीन उस समय अमेरिका और पश्चिम देशों के लिए अछूत था। अमेरिका ने चीन को मान्यता तक नहीं दी थी।

चीन की आर्थिक हालत खराब थी। राष्ट्रपति निक्सन ने कम्युनिस्ट चीन को आर्थिक मदद और पूंजी निवेश का भरोसा दिया। साथ ही चीन का भरोसा जीतने के लिए वो वहां की जनता, संस्कृति और इतिहास का बखान करते रहे। अमेरिका और चीन के रिश्तों का वर्तमान एक बार फिर अतीत की दहलीज पर खड़ा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगभग रिचर्ड निक्सन वाले हालात में ही चीन के दौरे पर पहुंचे। निक्सन को वियतनाम युद्ध के दलदल से बाहर निकलना था, तो ट्रम्प ईरान युद्ध में बुरी तरह फंसे हुए थे। होर्मुज स्ट्रेट बंद करके ईरान अपनी शर्तों पर समझौता करने की जिद पर अड़ा था। राष्ट्रपति ट्रम्प को मालूम था कि ईरान का मसला चीन को साथ लिए बिना नहीं सुलझने वाला। हालांकि ट्रम्प का लहजा चीन पर एहसान लादने जैसा ही था। याद कीजिए कि चीन दौरे पर रवाना होने से पहले उन्होंने क्या कहा था। ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के पीछे चीन खड़ा है। युद्ध में ट्रम्प के इकलौते पार्टनर इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू भी उसी दिन ये बता चुके थे कि ईरान की अकड़ के पीछे असली ताकत चीन की ही है। राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के एजेंडा में ईरान युद्ध और होर्मुज पहले नंबर पर था। सवाल सिर्फ ये था कि ईरान पर चीन से दबाव डलवाना है, तो बदले में ट्रम्प चीन को क्या दे सकते हैं? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं था। राष्ट्रपति ट्रम्प के पास भी नहीं, लिहाजा उन्होंने चीन की तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए। ईरान के मसले पर ट्रम्प को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मायूस कर दिया। उन्होंने ईरान को कोई संदेश देने के बजाय सिर्फ इतना कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल नहीं वसूला जाना चाहिए और ना ही फारस की खाड़ी को जंग का मैदान बनाना चाहिए। चीन का इशारा अमेरिका की ओर ही था, जिसकी नौसेना ने ईरान की समुद्री नाकाबंदी कर रखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान और चीन की जिस रणनीतिक दोस्ती को खत्म कराना चाहते हैं, उस दोस्ती का जन्म ही ट्रम्प की वजह से हुआ। ये सिलसिला ट्रम्प के पहले कार्यकाल में शुरू हुआ। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ परमाणु समझौता रद्द कर दिया था। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की मार बढ़ती जा रही थी। उस वक्त ट्रम्प को उनके सलाहकारों ने बताया कि ईरान का 80 प्रतिशत तेल चीन ही खरीद रहा है।

लिहाजा ट्रम्प ने चीन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वो ईरान से तेल खरीदना बंद कर दे। खबर थी कि अमेरिका से टकराव टालने के लिए चीन ऐसा करने के बारे में सोच रहा है। लेकिन, दो महीने बाद ही जुलाई 2019 में राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन की सरकारी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगाने का एलान कर दिया। ट्रम्प सरकार के इसी फैसले ने चीन को उकसा दिया। इसके बाद चीन को अमेरिका की दादागीरी बर्दाश्त नहीं थी।



नॉर्वे। ओस्लो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए।

## ट्रम्प ने चीन से 17 अरब डॉलर के वार्षिक कृषि उत्पाद खरीदने का वादा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत चीन ने अगले तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष कम से कम 17 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अक्टूबर 2025 में की गई सोयाबीन संबंधी पूर्व प्रतिबद्धताओं के अतिरिक्त है। व्यापार के अलावा यह समझौता दो नए द्विपक्षीय तंत्रों, अमेरिका-चीन व्यापार बोर्ड और अमेरिका-चीन निवेश बोर्ड की स्थापना भी करता है, जिनका उद्देश्य राष्ट्रपति ट्रम्प की चीन यात्रा के बाद आर्थिक समन्वय को मजबूत करना है। दोनों पक्षों ने ईरान, उत्तर कोरिया और होर्मुज जलडमरूमध्य सहित प्रमुख भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी सहमति के संकेत दिए हैं।

## एफआरआरओ से जुड़े शेल्टर होम से चार अफ्रीकी महिलाएं फरार

**बेंगलुरु।** विदेशी नागरिकों के लिए यहां बने सरकारी निगरानी वाले शेल्टर होम में रह रही चार अफ्रीकी महिलाओं के खिड़की तोड़कर परिसर से भाग जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना 11 मई को तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच उत्तरी बेंगलुरु के डोड्डागुब्बी में 'न्यू अर्क मिशन ऑफ इंडिया' संचा. लित 'होम ऑफ होप' शेल्टर होम की है और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उन चारों अफ्रीकी महिलाओं का कोई पता नहीं चला है। रिपोर्टों के मुताबिक ये महिलाएं क्षेत्रीय विदेशी पंजीयन कार्यालय की देखरेख और निर्देशों के तहत वहां रह रही थीं। शेल्टर होम के मैनेजर श्रीनिवास एन की दर्ज कराई शिकायत के अनुसार, इस संस्थान में 22 पुरुषों और 18 महिलाओं सहित कुल 40 विदेशी नागरिक रह रहे थे।

# भारत-स्वीडन के बीच संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी: मोदी

### दोनों देशों के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौते

**गोथेनबर्ग ( स्वीडन )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और स्वीडन के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौतों और घोषणाओं से भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। स्वीडन की यात्रा पर गए मोदी ने रविवार देर रात स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने छह क्षेत्रों में सहयोग की घोषणा और समझौते किए।



■ मुझे विश्वास है कि भारत व स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी: पीएम

मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। मुझे विश्वास है कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। इन समझौतों और घोषणाओं के तहत दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों देश रणनीतिक संवाद करेंगे। उनके बीच अगली पीढ़ी की आर्थिक साझेदारी होगी। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और लोगों के बीच सहयोग को बल मिलेगा। दोनों देशों ने भारत-स्वीडन संयुक्त नवाचार भागीदारी 2-0 शुरू करने का भी निर्णय लिया है। भारत और स्वीडन संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कॉरिडोर का विकास करेंगे। उन्होंने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। स्टार्ट अप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने भारत-स्वीडन एसएमई और स्टार्ट अप प्लेटफार्म के विकास की भी घोषणा की। दोनों देशों ने विकास भी विरासत श्रृंखला के तहत टैगोर-स्वीडन व्याख्यान भी शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है।

## राजनाथ वियतनाम और कोरिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रवाना हुए। रक्षा मंत्रालय ने आज बताया कि सिंह 18 से 19 मई तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जिसके बाद वह 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। सिंह ने दोनों देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले सोशल मीडिया में एक पोस्ट में दोनों एशियाई देशों की यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया ताकि द्विपक्षीय सहभागिता के दायरे का और विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य ध्यान रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर होगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जिसे पांच से सात मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित किया गया था।

# होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप

### इकोनॉमी 8.6 प्रतिशत गिर सकती है, होर्मुज स्ट्रेट से ही होता है भारत का सबसे ज्यादा एलपीजी आयात

**दोहा।** कतर फारस की खाड़ी में मौजूद एक छोटा-सा रेगिस्तानी देश था, जहां ज्यादातर लोग मोती निकालने और समुद्र से जुड़े छोटे-मोटे कारोबार पर निर्भर थे। फिर प्राकृतिक गैस ने इस देश की किस्मत पूरी तरह बदल दी। कतर ने 90 के दशक में बड़े पैमाने पर एलएनजी यानी लिक्विफाइट नैचुरल गैस बनाकर उसे होर्मुज स्ट्रेट के जरिए दुनियाभर में भेजना शुरू किया। इससे उसे हर साल अरबों डालर की कमाई होने लगी। सिर्फ 30 साल में वह दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल हो गया, लेकिन 28 फरवरी के बाद अचानक सब बदल गया। जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया और कतर की दुनिया तक पहुंच लगभग कट गई है।

युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला है। इससे देश में मंदी का खतरा बढ़ गया है। भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरी. दता है। अलग-अलग रिपोर्टों के मुताबिक, भारत की कुल एलएनजी आयात का करीब 40 प्रतिशत से 47 प्रतिशत हिस्सा कतर से आया है। कतर में 1971 में नार्थ फील्ड नाम का विशाल गैस भंडार मिला था। इसे दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में गिना जाता है। तब दुनिया में ज्यादातर देशों तक गैस पाइपलाइन के जरिए पहुंचाई जाती थी। समस्या यह थी कि कतर एक छोटा-सा खाड़ी देश है और उससे सीधे यूरोप या एशिया तक पाइपलाइन बिछाना बेहद महंगा और मुश्किल था। तब कतर ने एक बड़ा दांव खेला। उसने अपनी प्राकृतिक गैस को बहुत ज्यादा ठंडा करके तरल, यानी लिक्विड बनाने की तकनीक अपनाई। इसमें गैस को करीब माइनस 162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जाता है। इतना ठंडा होने पर गैस सिकुड़कर तरल बन जाती है और उसका आकार करीब 600 गुना छोटा हो जाता है। यही एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस कहलाती है। इससे गैस को पाइपलाइन की बजाय जहाजों से दुनियाभर में भेजना संभव हो गया। यहीं से कतर एक ऊर्जा महाशक्ति बनकर उभरा। 1996 में जापान को 60 हजार टन एलएनजी की पहली खेप भेजी गई। इसके बाद उत्पादन तेजी से बढ़ा और 2010 तक कतर की क्षमता 7.7 करोड़ टन सालाना पहुंच गई। कतर की 60 फीसदी से ज्यादा कमाई गैस और उससे जुड़े कारोबार से होती रही। इस कमाई ने कतर के रेगिस्तान की तस्वीर बदल दी। जहां कभी कच्ची सड़कें और खाली रेतीले मैदान थे, वहां आज ऊंची-ऊंची कार्पोरेट इमारतें, चौड़ी सड़कें और आधुनिक शहर खड़े हैं। शहरों में ऐसी सिंचाई व्यवस्था बनाई गई कि रेगिस्तान के बीच भी हरियाली, घास और चमकीले फूल दिखाई देने लगे।

दोहा जैसे शहर आधुनिक महानगरों में बदल गए। कतर ने मेट्रो नेटवर्क बनाया, जो राजधानी दोहा को उत्तर में बसे लुसैल शहर से जोड़ता है। लुसैल में पेरिस जैसे डिजाइन वाला विशाल माल बनाया गया और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क भी तैयार किया गया। कतर ने साल 2022 में दुनिया का सबसे महंगा फुटबाल वर्ल्ड कप आयोजित किया। इतना ही नहीं, उसने करीब 600 अरब डालर का सावरेन वेल्थ फंड बनाया, जिसने लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट, न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और दुनिया भर की बड़ी संपत्तियों में निवेश किया। लुसैल में पेरिस की तर्ज पर बना एक बड़ा माल और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क मौजूद है। कतर की आर्थिक सफलता में रस लाफान की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसे कतर की गैस इकोनामी का दिल माना जाता है। दोहा से 80 किमी उत्तर रेगिस्तान में बसे इस इंडस्ट्रियल सिटी की वजह से कतर दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी निर्यातकों में शामिल हुआ।



■ युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला

■ भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है

## ईरान की हमले से कतर के रस लाफान को नुकसान

**दोहा।** कतर एनर्जी ने ईरानी हमलों और होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से दो महीने से ज्यादा पहले रस लाफान में एलएनजी यानी तरलीकृत प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोक दिया था। हाल के युद्ध में ईरान ने इसे निशाना बनाया। मिसाइलों और ड्रोन हमलों में रस लाफान के कुछ महत्वपूर्ण उपकरणों को नुकसान पहुंचा, जिससे कतर की गैस उत्पादन क्षमता करीब 17 फीसदी घट गई। इसी वजह से यह इलाका अब कतर की सबसे बड़ी चिंता भी बन गया है। कतर का सबसे बड़ा गैस उत्पादन केंद्र रस लाफान लगभग बंद पड़ा है। वहां की सड़कें बंद कर दी गई हैं। राजधानी दोहा के दक्षिण में बने विशाल हमाद पोर्ट पर लोडिंग क्रेन खामोश खड़ी हैं। जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। राजधानी के होटल, लग्जरी दुकानें और बाजार खामोश हैं। एशिया ग्रुप नाम की रणनीतिक सलाहकार कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अहमद हेलाल ने कहा कि कतर की पूरी अर्थव्यवस्था गैस निर्यात पर टिकी हुई है। उनके मुताबिक कि आज कतर में जो कुछ भी दिखाई देता है, वह ऊर्जा से आई दौलत की वजह से बना है।

## मेक्सिको में 10 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में एक बड़े गोलीकांड में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने पुष्टि की कि मरने वालों में छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक नाबालिग शामिल है। अधिकारियों ने अभी तक किसी पीड़ित का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। अधिक. ारियों के मुताबिक, पड़ोसियों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कई लोग गोली लगने से घायल मिले। एक महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

तेहुइत्जिंगो करीब 11300 आबादी वाला शहर है, जो मेक्सिको सिटी से लगभग 208 किमी पर है। मेक्सिको 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप की सह- मेजबा. नी करने जा रहा है। मेक्सिको सिटी, मान्टेरी और ग्वाडलहारा में 13 मैच खेले जाएंगे। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम 1 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का ऐलान कर चुकी हैं। प्यूब्ला सरकार ने कहा कि पीड़ितों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। अब तक किसी गिरफ्तारी की जानकारी नहीं दी गई है। हमले की वजह भी साफ नहीं है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। प्यूब्ला के गवर्नर अले. जांद्रो अर्मेंटा ने भी अब तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मामले की जांच में नेशनल गार्ड, राज्य का अटार्नी जनरल आफिस, राज्य और स्थानीय पुलिस के साथ इंटेलिजेंस टीमें भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमले के पीछे कौन है, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मध्य मेक्सिको में हाल के महीनों में ड्रग कार्टेल से जुड़ी हिंसा बढ़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके चलते 800 से 1,000 परिवार घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। मेक्सिको में ड्रग कार्टेल के लीडर के मौत से नाराज समर्थकों ने ग्वाडलाहारा और प्यूर्टो वालार्टा इलाकों में आगजनी की।



■ मृतकों में 3 महिलाएं और एक बच्चा, हमलावर फरार, अगले महीने मेक्सिको में फुटबाल वर्ल्ड कप होना है



## सैयामी खेर ने साझा किया दिल छू लेने वाला नोट

**मुंबई।** अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडनीस की आगामी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक और बेहद निजी नोट साझा किया है। इस फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने इस सफर को याद करते हुए सैयामी ने आभार जताया कि उन्हें एक बार फिर ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो कहानी का मजबूत और अहम हिस्सा है। उन्होंने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। भावनात्मक और परफॉर्मेंस आधारित फिल्मों को चुनने के लिए पहचानी जाने वाली सैयामी ने विक्रम फडनीस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर बेहद स्नेह, ईमानदारी और अपनापन भरा माहौल बनाया।

# ईरान को चारों तरफ से घेरने की तैयारी

### ट्रम्प ने संकेतात्मक तस्वीर साझा की, नक्शे से दोनों के बीच फिर जुबानी जंग तेज हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान को निशाना बनाकर सोमवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक नक्शे से दोनों देशों के बीच फिर से जुबानी जंग तेज हो गई है। पश्चिमी एशिया के इस नक्शे पर अमे. रिकी झंडा लगा हुआ था और कई दिशाओं से लाल रंग के तीर ईरान की तरफ इशारा कर रहे थे। ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर साझा किए गए नक्शे के साथ हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था, लेकिन इस दृश्य को रणनीतिक दबाव बनाने के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

इसमें कई लाल तीर ईरान की तरफ बढ़ते दिख रहे हैं, जिसका सीधा मतलब ईरान को चारों तरफ से घेरने का संकेत देना है। यह भड़काऊ तस्वीर ट्रम्प द्वारा रविवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक संदेश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने लिखा था कि ईरान के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्हें बहुत तेजी से कदम बढ़ाने होंगे, वरना उनका वजूद ही नहीं बचेगा। उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय बहुत कम है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित शांति प्रस्ताव अधर में लटका हुआ है और कूटनीतिक स्तर पर बात. चीत आगे बढ़ती नहीं दिख रही है। रिपोर्टों के मुताबिक, ट्रम्प ने रविवार शाम को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने की संभावना और ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा पर चर्चा की। ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था, जो सात अप्रैल से लागू एक नाजुक युद्धविराम के सहारे थमा हुआ है। हालांकि, शांति वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हो सकी है। इस युद्ध की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य की पूरी तरह से नाकेबंदी हो गई है, जहां से आम दिनों में दुनिया के कुल तेल निर्यात का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता था।



■ ट्रम्प ने इजरायल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की

## अमेरिका में एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान टकराए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो प्रांत में आयोजित एक एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान हवा में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, गनीमत रही दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए।

अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मियों की हालत स्थिर है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में अमेरिकी नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बॉइंग ईए-18जी ग्राउलर विमान हवाई प्रदर्शन के दौरान एक-दूसरे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि समय रहते पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कोई चोट आई है या नहीं। यह दुर्घटना रविवार को 'गनफाइटर स्काइज एयर शो' के दूसरे और अंतिम दिन हुई। एयर शो माउंटेन होम एयर फोर्स बेस से लगभग 3-2 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आयोजित किया गया था। हादसे के बाद मौके पर आग लग गई और एयर बेस को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। इसके साथ ही एयर शो के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। माउंटेन होम एयर फोर्स बेस गनफाइटर्स ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि घटना में शामिल चालक दल के सदस्य स्थिर स्थिति में हैं।

■ दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए

# पुतिन की चीन यात्रा में वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

### पुतिन शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर

**बीजिंग/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद, चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी करेगा और वार्ता में रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। पुतिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर हैं।

दो दिवसीय यात्रा के दौरान पुतिन और शी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। पुतिन चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा से पहले, शी और पुतिन ने रविवार को 'बधाई पत्र' का आदान-प्रदान किया। ये संदेश अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन की उच्च स्तरीय यात्रा के कुछ ही दिनों बाद आए हैं, जो चार दिन पहले समाप्त हुई थी। चीनी सरकारी मीडिया में प्रसारित बयान में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस के बीच सहयोग लगातार गहराता और मजबूत होता जा रहा है और उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष उनकी रणनीतिक साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ है। सरकारी मीडिया टैब्लॉइड ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपतियों की यात्राओं से पता चलता है कि बीजिंग 'वैश्विक कूटनीति के केंद्र बिंदु के रूप में तेजी से उभर रहा है'। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि इन लगातार यात्राओं ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, और विश्लेषकों का कहना है कि शीत युद्ध के बाद के युग में किसी देश के लिए एक सप्ताह के भीतर अमेरिका और रूस के नेताओं की मेजबानी करना अत्यंत दुर्लभ है। रूस के साथ चीन के बढ़ते संबंधों ने पश्चिम में चिंता पैदा कर दी है, खासकर 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से। तब से रूस को चीन के आर्थिक और राजनयिक समर्थन ने संघर्ष को जारी रखने में मदद की है। दोनों देशों के नेताओं की 40 से अधिक बार मुलाकात हो चुकी है। इस बीच, 2022 के बाद से चीन और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार में भारी वृद्धि हुई है, और अब रूस के निर्यात का एक चौथाई से अधिक हिस्सा चीन का है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के अनुमानों के अनुसार, अकेले रूसी कच्चे तेल की चीनी खरीद से मॉस्को को सैकड़ों अरब डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो आक्रमण के बाद से कुल ईंधन खरीद को 367 अरब डॉलर से अधिक बताता है।



■ दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

RECRUITMENT 2026

THE S.D. DEGREE COLLEGE

NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001

(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS

(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)

DISCIPLINES

- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting

QUALIFICATION

UGC NET, Ph.D

SALARY

As Per University Norms

APPLY WITHIN 15 DAYS

SEND YOUR RESUME TO:

thesddegree@gmail.com

Attach copies of all degrees and testimonials.

Paste a colored photograph on the CV.